कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची | 27 अक्टूबर, 2025, सोमवार, वर्ष 11, अंक 09, कार्तिक, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

सूर्यास्त सोमवार शाम 5:16 बजे
सूर्योदय मंगलवार सुबह 5:45 बजे

## चाइबासा सदर अस्पताल में पांच बच्चों को एचआइवी संक्रमित खून चढ़ा दिया गया था

# सीएम ने सिविल सर्जन और ब्लड बैंक प्रभारी को किया निलंबित

- दो-दो लाख की मदद का एलान, पीड़ित बच्चों का इलाज सरकार करायेगी
- राज्य के सभी ब्लड बैंक की ऑडिट कर पांच दिन में रिपोर्ट देने का निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चाइबासा सदर अस्पताल में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआइवी संक्रमित खून चढ़ाने के मामले में कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने रविवार को सिविल सर्जन डॉ सुशांत कुमार मांझी और ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ दिनेश चंद्र सवैया को निलंबित करने का आदेश दिया। देर शाम विभाग ने इन दोनों के निलंबन की अधिसूचना जारी कर दी। सीएम ने पीड़ित बच्चों का इलाज राज्य सरकार अपने खर्च पर करवाने और परिजनों को दो-दो लाख रुपये की सहायता राशि राज्य सरकार की ओर से देने की घोषणा की। उन्होंने राज्य के सभी ब्लड बैंक की ऑडिट कर पांच दिन में रिपोर्ट देने का आदेश स्वास्थ्य विभाग को दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

**हाइकोर्ट ने रिपोर्ट मांगी :** इधर झारखंड हाइकोर्ट ने इस मामले में राज्य के स्वास्थ्य सचिव और सिविल सर्जन से रिपोर्ट मांगी है। दरअसल, 13 सितंबर को यहां थैलेसीमिया पीड़ित सात साल के बच्चे को एचआइवी संक्रमित खून चढ़ा दिया गया। 18 अक्टूबर को उसकी जांच की गयी, तो वह एचआइवी पॉजिटिव मिला। मामला सामने आया, तो हाइकोर्ट ने जांच के आदेश दिये। फिर शनिवार को रांची से सरकार की टीम चाइबासा सदर अस्पताल पहुंची और मामले की जांच की। इसमें सामने आया कि चार और बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाया गया था और उनकी भी एचआइवी रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। इनमें से दो बच्चे अभी भी सदर अस्पताल के पीकू वार्ड में भर्ती हैं।

**ब्लड बैंक और लैबोरेटरी में अनियमितताएं :** निरीक्षण के दौरान मेडिकल टीम ने ब्लड बैंक और लैबोरेटरी में कई गंभीर अनियमितताएं मिलीं। रिकॉर्ड रखरखाव से लेकर ब्लड स्क्रीनिंग तक की प्रक्रिया में गड़बड़ियां सामने आयी हैं।

**पश्चिम सिंहभूम जिले में 515 एचआइवी पॉजिटिव मामले और 56 थैलेसीमिया मरीज :** आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार पश्चिम सिंहभूम जिले में 515 एचआइवी पॉजिटिव मामले और 56 थैलेसीमिया मरीज हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों को संबंधित ब्लड ट्रांसफ्यूजन से जुड़े सभी डोनरों का पता लगाने के निर्देश दिये हैं, ताकि संक्रमण को और फैलने से रोका जा सके।

### स्वास्थ्य मंत्री ने जांच समिति गठित की

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा है कि यह मामला अत्यंत गंभीर है। दो दिन पूर्व घटना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने तत्काल उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिये थे। जांच के दौरान एक बच्चे में एचआइवी संक्रमण की प्राथमिक पुष्टि हुई है। जांच के लिए एक उच्चस्तरीय जांच समिति गठित की गयी है, जिसे एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वयं इस पर संज्ञान लेते हुए सख्त और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।



### यह वाकया लापरवाही नहीं, स्वास्थ्य तंत्र की विफलता को उजागर करता है: बाबूलाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने चाइबासा सदर अस्पताल में बच्चों को एचआइवी संक्रमित खून चढ़ाये जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे लापरवाही नहीं, बल्कि राज्य संपोषित हत्या का प्रयास बताया है। बाबूलाल ने कहा कि चाइबासा सदर अस्पताल में थैलेसीमिया से पीड़ित पांच मासूम बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाया गया और अब सभी बच्चे एचआइवी संक्रमित पाये गये हैं। अगर इन बच्चों की भविष्य में मृत्य हो जाती है, तो यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि राज्य प्रायोजित हत्या कहलायेगी। बाबूलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी, यह सवाल सिर्फ डॉक्टरों या तकनीशियनों पर नहीं है, बल्कि यह पूरे स्वास्थ्य तंत्र की विफलता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को निलंबित करना पर्याप्त नहीं। झारखंड को उसके सबसे अयोग्य और निष्क्रिय स्वास्थ्य मंत्री से मुक्त कीजिये और एक जिम्मेदार, संवेदनशील स्वास्थ मंत्री दीजिये।



# छठ महापर्व का दूसरा दिन: खरना संपन्न, पहला अर्घ्य आज

- हर तरफ गूंज रहे हैं छठ के गीत
- घाटों और रास्तों की सजावट पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन रविवार को व्रतियों ने खरना का महाप्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू किया। छठ महापर्व के मधुर गीत चारों तरफ गूंजने लगे हैं। सामाजिक एकता और सद्भाव के इस पर्व का पहला अर्घ्य सोमवार को डूबते सूर्य को अर्पित किया जायेगा। इसके लिए छठ घाट और वहां तक जानेवाले रास्तों की साफ-सफाई और सजावत का काम पूरा हो गया है।

खरना का विशेष महत्व

छठ व्रत में खरना का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। नहाय-खाय के बाद यह दूसरा दिन व्रतियों के लिए अत्यंत कठिन तपस्या का प्रतीक होता है, क्योंकि इस दिन व्रती निर्जला उपवास रखते हैं और सूर्यास्त के बाद पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण करते हैं। रविवार को सुबह से ही व्रती पूजा की तैयारी में जुटे रहे। शाम के समय सूर्यास्त के बाद विधि-विधान से खरना पूजा की गयी। व्रतियों द्वारा गुड़, दूध और चावल से बनी खीर, गेहूं की रोटी और केले का प्रसाद बनाया गया। यह प्रसाद मिट्टी या कांसे के बर्तनों में रख कर सूर्य देव और छठी मइया को अर्पित किया गया। पूजा के उपरांत व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण कर उपवास तोड़ा और फिर यही प्रसाद परिवारजनों तथा आस-पड़ोस के लोगों के बीच वितरित किया गया।



### आज सूर्यास्त शाम 5.16 बजे

छठ महापर्व के तीसरे दिन व्रती डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। सोमवार को रांची में सूर्यास्त शाम 5.16 बजे होगा। विशेष मन्नत के व्रती घाट पर कोसी भरेंगे। चौथे दिन मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ यह महापर्व संपन्न होगा। यह पर्व न केवल सूर्य उपासना का प्रतीक है, बल्कि शुद्धता, संयम और सामाजिक एकता का भी संदेश देता है। इस महापर्व को लेकर वातावरण पूरी तरह छठमय हो उठा है। घरों और घाटों पर छठ गीतों की मधुर गूंज सुनाई दे रही है। घाटों और वहां तक जानेवाले रास्तों पर सफाई और सजावट का कार्य भी पूरा हो गया है।

**छठ महापर्व की खासियत :** छठ महापर्व की कुछ ऐसी खासियत है, जो इसे दूसरे व्रतों से अलग करते हैं। इनमें पहली विशेषता यह है कि सनातन धर्म का यह पहला पर्व है, जिसमें पंडितों की कोई भूमिका नहीं होती है। यह व्रत एकमात्र साक्षात देवता, यानी सूर्य देव और व्रती के बीच सीधा रिश्ता कायम करता है। दूसरी विशेषता यह है कि इसमें अर्पित की जानेवाली हर सामग्री प्राकृतिक होती है या फिर घर में तैयार की जाती है। एक अन्य विशेषता इसका अनुशासन, स्वच्छता और सामूहिकता है। व्रती पूरे परिवार और समाज के कल्याण की कामना करते हुए सूर्य देव और छठी मइया की आराधना करती हैं।

**मन की बात: पीएम मोदी ने बताया छठ का महत्व :** नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 127वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। इस बार उन्होंने छठ महापर्व को लेकर संदेश दिया है। पीएम मोदी ने देश भर के लोगों से छठ उत्सव में भाग लेने की अपील की। पीएम मोदी ने चर्चा की शुरुआत छठ महापर्व से की। उन्होंने देशवासियों को छठ महापर्व का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि अगर मौका मिले, तो सभी लोग छठ उत्सव में एक बार जरूर भाग लें। छठ महापर्व भारत की एकता का सबसे बड़ा और सुंदर उदाहरण है।

### शुभकामनाएं


आजाद सिपाही के पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हॉकर बंधुओं, एजेंटों, शुभचिंतको, समेत तमाम झारखंड वासियों को छठ महापर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

- प्रबंधक

### अवकाश की सूचना

छठ महापर्व के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही कार्यालय में 27 अक्टूबर 2025 (सोमवार) को अवकाश रहेगा। अतः समाचार पत्र का अगला अंक 29 अक्टूबर 2025 (बुधवार) को प्रकाशित होगा।

- प्रबंधक




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com






आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 27 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जलेश्वरी देवी के कुटुंब भोज में शामिल होकर दी श्रद्धांजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने राज्य समन्वय समिति के सदस्य सह झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय के आवास पहुंचकर उनकी माता जलेश्वरी देवी के ब्राह्मण भोज सह कुटुंब भोज में शामिल हुए और स्मृति शेष जलेशेवरी देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन रविवार को विनोद कुमार पांडेय के रांची स्थित हरमू हाउसिंग कॉलोनी के आवास पर पहुंचे और उन्होंने उनकी दिवंगत माता जलेश्वरी देवी के ब्राह्मण भोज में शामिल हुए। मुख्यमंत्री और कल्पना सोरेन ने जलेश्वरी देवी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने विनोद कुमार पांडेय और उनके परिजनों से मुलाकात की और उनके प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

# एक बार फिर 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का पांचवां चरण 18 नवंबर से होगा शुरू

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक बार फिर 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का पांचवां चरण 18 नवंबर से शुरू करने जा रहे हैं। यह कार्यक्रम 18 से 28 नवंबर तक चलेगा, जिसमें पंचायत स्तर पर विशेष कैंप लगाये जायेंगे। इस कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने की कोशिश की जायेगी। इन शिविरों के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जायेगी। सरकार का प्रयास है कि राज्य के सभी जिलों की प्रत्येक पंचायत में कम-से-कम एक शिविर का आयोजन हो।

# सरकार बनी तो वक्फ कानून को कूड़ेदान में फेंक देंगे : तेजस्वी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के बीच विपक्षी महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को कटिहार में वक्फ कानून को लेकर बड़ा बयान दिया है। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी, तो केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि मेरे पिता लालू प्रसाद यादव ने कभी भी सांप्रदायिक ताकतों से समझौता नहीं किया। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा ऐसी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं। आज आरएसएस और उसके सहयोगी बिहार में भी नफरत फैला रहे हैं। भाजपा का असली नाम ह्यभारत जलाओ पार्टीह्व होना चाहिए। इससे पहले शनिवार को राजद एमएलसी मोहम्मद कारी सोहैब ने कहा था कि अगर तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बने तो सभी बिल, जिसमें वक्फ बिल भी शामिल है, फाड़ दिए जाएंगे। इस बयान के बाद सियासी घमासान मच गया था। विपक्षी दलों ने सवाल उठाया कि कोई मुख्यमंत्री केंद्र के कानून को कैसे रद्द कर सकता है। गौरतलब है कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम अप्रैल में संसद से पारित हुआ था। केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का दावा है कि यह कानून मुस्लिम समुदाय, खासकर पिछड़े वर्गों और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पारदर्शिता लाने वाला है। लेकिन विपक्ष का कहना है कि यह अधिनियम मुस्लिमों के अधिकारों का उल्लंघन करता है।


# धनबाद में खदान हादसा: ओबी की चट्टान गिरने से एक की मौत, दो घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** जिला के पुटकी में गोपालीचक में संचालित, सिंह नेचुरल आउटसोर्सिंग कंपनी के ओपन कास्ट माइंस में हादसा हुआ है। इसमें एक की जान चली गयी वहीं दो लोग घायल हुए हैं।

दरअसल, ओबी स्लाइडिंग के बाद एक बड़ी चट्टान माइंस के नीचे आ गिरी, इस दौरान माइंस में टैंकर से डीजल आपूर्ति कर रहे एक कर्मचारी की मौत हो गई जबकि दो कर्मचारी घायल है, जिसका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। मारे गये कर्मचारी का नाम दीपक पंडित है। दीपक पंडित के केंदुआडीह थाना क्षेत्र के राजपूत बस्ती के रहने वाले शिबू पंडित का बेटा था जबकि घायलों के नाम गणेश महतो और किशोर महतो है और दोनों ही तोपचांची के रहने वाले हैं।

**कर्मी पर गिरी बड़ी चट्टान :** स्थानीय नेता भोला सिंह ने बताया कि माइंस के अंदर डीजल टैंकर लेकर गए थे। डीजल टैंकर में दीपक पंडित, गणेश महतो और अजय महतो सवार थे। ओपन कास्ट माइंस में दीपक डीजल टैंकर से नीचे था जबकि अजय महतो और गणेश महतो डीजल टैंकर में सवार थे। इस दौरान ओपी स्लाइडिंग हुई और एक बड़ी चट्टान उनके ऊपर आ गिरी जिससे दीपक पंडित की मौत मौके पर ही हो गई जबकि डीजल टैंकर में सवार गणेश महतो और अजय महतो घायल हो गये।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 29.8 °c | 21.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.15 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.51 बजे | |





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW



# खरना संपन्न, 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू, पहला अर्घ्य आज

**आज डूबते हुए सूर्यदेव को पहला अर्घ्य अर्पित करेंगे छठव्रती, छठ घाटों पर महाआरती भी होगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आस्था का छठ महापर्व के लिए राजधानी रांची के धार्मिक महत्व से सभी घाट जगमग हो गया है। चार दिवसीय छठ पूजा के तहत रविवार को शुद्धता के साथ व्रतियों ने खीर और घी लगी रोटी का भोग लगाया। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत प्रारंभ हुआ। सोमवार को छठ व्रतियां डुबकी लगा कर डूबते हुए सूर्यदेव को पहला अर्घ्य अर्पित करने पहुचेंगे। घाट पर महाआरती करेंगे। इसके साथ ही छठ मइयों की भक्ती गीतों और लोक संस्कृति पूरी रात बिखरेगी। इसी तरह शहर के तालाबों का घाट आस्था से छलकेगा। छठ महापर्व आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि घाट में सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। सभी घाट रौशनी से नहाया हुआ है। इस आयोजन में हजारों लोग उत्साह के साथ शामिल होंगे। बताया कि दिवाली के बाद लोगों के लिए छठ बहुत ही पवित्र त्योहार है। समाज के लोगों में छठ पूजा के लिए खास उत्साह होता है। मंगलवार को उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ ही छठ पूजा संपन्न हो जायेगा। खरना का प्रसाद खाने श्रद्धालु अपने-अपने परिजनों के घर पहुंचे।

समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त कनीय पुलिस पदाधिकारी सह बिरला हनुमान मंदिर के मुख्य संरक्षक दयानंद प्रसाद सिंह के आवास में भी छठ महापर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिरला हनुमान मंदिर के अध्यक्ष विजेंद्र सिंह, झारखंड टीएमसी के अध्यक्ष, फिलमोन टोप्पो, सेवानिवृत्ति आइजी अरुण कुमार सिंह, निर्मल कुजूर, डीएन सिंह, सोनू सिंह, मंदिर के पुजारी सच्चिदानंद पांडेय, भार्गव, सूरज किशोरी पांडेय, मनजीत सिंह, सुजीत कुमार, अर्जुन लोहरा, खगेश महतो, सोचे सिंह, करमचंद प्रसाद सिंह, मंजू देवी, दिव्या कुमारी सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित हुए। दयानंद प्रसाद सिंह ने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ करोड़ों देशवासियों के आस्था का प्रतीक है। सनातन धर्म में यही एक ऐसा महापर्व है, जिसमें 36 घंटे का निर्जला उपवास सभी छठव्रती करते हैं।






## झारखंड की जेलों में छठ महापर्व : 25 महिलाएं सहित 56 कैदी कर रहे छठी मैया की पूजा


रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड की सभी जेलों में इस बार छठ महापर्व की विशेष रौनक देखने को मिल रही है। भले ही कैदी दीवारों के भीतर हैं, लेकिन उनकी आस्था और श्रद्धा बाहर की दुनिया से कम नहीं। राज्यभर की जेलों में कुल 56 बंदी इस बार छठ का व्रत रख रहे हैं इनमें 25 महिलाएँ और 31 पुरुष कैदी शामिल हैं। सबसे ज्यादा व्रती बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा, रांची में हैं, जहाँ 8 पुरुष और 8 महिला कैदी छठ पूजा कर रहे हैं। कैदियों ने जेल परिसर में ही सूर्य देव और छठी मैया की पूजा-




अर्चना के लिए छोटा सा घाट तैयार किया है। कारा प्रशासन ने व्रतियों के लिए पूजा सामग्री, वस्त्र, नैवेद्य और अर्घ्य की विशेष व्यवस्था की है। छठ के दौरान प्रकाश, सुरक्षा और साफ-सफाई का भी पूरा ध्यान रखा गया है। अन्य जेलों में भी माहौल भक्तिमय है दुमका जेल में 2 महिला व्रती, हजारीबाग में 12 कैदी, पलामू और धनबाद में 10-10 कैदी, चतरा में 2, गिरिडीह में 1 पुरुष, पाकुड़ में 1 महिला, साहिबगंज में 1 पुरुष और चास जेल में 1 महिला व्रती छठ का व्रत कर रहे हैं। कारा अधीक्षकों के मुताबिक, धार्मिक आयोजन कैदियों में संयम और आत्मचिंतन की भावना जगाते हैं। जेलों में भक्ति और अनुशासन का ऐसा संगम दिख रहा है कि हर कोना छठी मैया की आराधना से गूंज उठा है।







# प्रकृति,संस्कृति और राष्ट्रभक्ति के संदेशों से परिपूर्ण मन की बात : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 127 वें संस्करण को प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सहित लाखों भाजपा कार्यकताओं ने बूथ स्तर पर सुना। बाबूलाल मरांडी ने रांची बड़ा तालाब के छठ घाट पर कार्यक्रम को सुना जबकि कार्यकारी अध्यक्ष सांसद आदित्य साहू ने घाटशिला में कार्यक्रम को सुना। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम एक गैर राजनीतिक संबोधन है जिसमें भारत की संस्कृति ,प्रकृति और राष्ट्रभक्ति और प्रगति की बातें समाहित रहती हैं।



श्री मरांडी ने कहा कि आज का संबोधन भी जानकारियों से परिपूर्ण और जनता को प्रेरित करने वाला था। कहा कि प्रधानमंत्री का प्रत्येक माह यह विशेष संबोधन देश और दुनियां में हो रहे बदलाव, भारत की सांस्कृतिक विरासत, युवा वर्ग के द्वारा हो रहे नए नए खोज से जनता को परिचित कराता है।

कहा कि आज के एपिसोड में सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती, भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती जिसे जनजाति गौरव दिवस घोषित किया गया है कि चर्चा देश की नई पीढ़ी को अपने महापुरुषों से जोड़ती है। कहा कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष आजादी के आंदोलन में उसका योगदान देश की युवा पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति का संचार करेगा। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सांसद आदित्य साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम में संबोधन केवल संबोधन नहीं बल्कि देश की 140 करोड़ जनता केलिए मंत्र है। यह प्रत्येक नागरिक को भारत और भारतीयता से जोड़ता है।

# नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया खाद्य पदार्थों का दान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांके स्थित नीरजा सहाय डी ए वी पब्लिक स्कूल के 'स्कूल सोशल रेस्पांसिबलिटी क्लब' के द्वारा एक अनोखी पहल की गई है जिसमें विद्यालय के एस एस आर क्लब के द्वारा वरिष्ठ अध्यापकों के मार्गदशन में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों ने घर का बना भोजन उन जरूरतमंदों के बीच वितरीत किया जिन्हें इनकी सर्वाधिक आवश्यकता है। राँची के सुप्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर के आस-पास रिक्शाचालकों, दिहाड़ी मजदूरों, ठेलेवालों, रेजा-कुलियों, गरीब महिलाओं तथा छोटे-छोटे बच्चों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया । इस प्रकार घर का बना भोजन पाकर लोगों ने विद्यालय के बच्चों को रोम-रोम से आशीर्वाद दिया । इस कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती किरण यादव ने कहा कि इस तरह की पहल समाज के लिए एक उपयोगी कदम है। इससे जहाँ एक ओर बच्चों में मानवीय मूल्यों का विकास होता है वहीं दूसरी ओर समाज को एक सन्देश भी जाता है कि अगर इस तरह के छोटे- छोटे प्रयास किये जाएँ तो समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है।



## शिल्पी नेहा तिर्की को ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस ने बनाया बिहार विधानसभा चुनाव का ऑब्जर्वर

रांची (आजाद सिपाही)। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस ने झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को अपना ऑब्जर्वर बनाया गया है। ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ। विक्रांत भूरिया ने इस संदर्भ में पत्र भी जारी कर दिया है। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के लिए ऑब्जर्वर बनाए जाने के बाद कांग्रेस विधायक सह कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ। विक्रांत भूरिया के प्रति आभार जताया है। मंत्री ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है ये उनके लिए सौभाग्य की बात है। बिहार विधानसभा चुनाव में आदिवासी समाज का एक-एक वोट महागठबंधन के पक्ष में जाए, इसके लिए वो चुनावी समर में अपनी पूरी ताकत झोंक देंगी। झारखंड की कृषि मंत्री ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान ने जो विश्वास और भरोसा उन पर जताया है, उस पर खरा उतरने का वह पूरा प्रयास करेंगी। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि बिहार में इस बार बदलाव की बयार बह रही है। कांग्रेस के सहयोग से बिहार में इस बार महागठबंधन सरकार बनने जा रही है। हम बिहार की जनता के संघर्ष और उनके सवालों का जवाब मौजूदा सरकार से मांगेंगे।



# गुरु नानक सत्संग सभा की निकली प्रभातफेरी, नन्हें मुन्ने बच्चों ने शबद गायन कर साध संगत का मन मोहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा की प्रभातफेरी तीसरे दिन आज 26 अक्टूबर, रविवार को कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहिब से निकल कर रिम्स बरियातू के सामने डॉक्टर अजय छाबड़ा के फ्लैट सुबह 6 बजे पहुंची। वहां से निकल कर फेरी बरियातू रामेश्वरम स्थित हरीश अरोड़ा, पप्पू काठपाल के अपार्टमेंट गयी, वहां नन्हें मुन्हें बच्चे ध्रुव अरोड़ा, इनाया अरोड़ा, शनाया अरोड़ा और इषिका अरोड़ा ने जो मांगे ठाकुर अपने ते सोई सोई देवै... शबद गायन कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।



वहां से निकलकर फेरी रामेश्वरम स्थित स्वर्गीय जगत सिंह सुखीजा, लेखराज अरोड़ा, प्रकाश अरोड़ा, हंसराज अरोड़ा और प्रेम मिढ़ा के संयुक्त आवासीय परिसर पहुंची और मनीष मिढ़ा द्वारा अरदास के साथ यही प्रभात फेरी का समापन सुबह नौ बजे हो गया।

फेरी में कीर्तन मंडली की गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, मंजीत कौर, रेशमा गिरधर, नीता मिढ़ा, इंदु पपनेजा, बबिता पपनेजा, जसपाल मुंजाल, इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा ने हरि के जन सतगुर सतपुरखा बिनउ करउ गुर पास, हम कीरे किरम सतगुर शरणाई कर दइआ नाम परगास... और सभि जीअ तुमारे जी तूं जीआ का दातारा, हरि धिआवहु संतहु जी सभि दूख विसारणहारा... एवं तूं जुग जुग एको सदा सदा तूं एको जी तूं निहचल करता सोई... जैसे कई शबद गायन कर साथ साथ संगत को वाहेगुरु का जाप भी कराया। सरदार छोटू सिंह ने निशान साहिब उठा कर फेरी की अगुवाई की।

# श्री राधा-कृष्ण मंदिर में खरना पर 101 किलो खीर का लगा भोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में 235वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। खरना के अवसर पर 101 किलो दूध का खीर का भोग लगाया गया। श्री राधा कृष्णजी का दिव्य अलौकिक श्रृंगार किया गया। खीर महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगायी गयी। तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायकों द्वारा मनमोहक सुमधुर भजनों मे अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गयी। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, निर्मल जालान, शिव भगवान अग्रवाल, मधुसूदन जाजोदिया,ज्ञान शर्मा, निर्मल छावनिका, पूरणमल सर्राफ, संजय सर्राफ, विष्णु सोनी, बिजय अग्रवाल, मनीष सोनी, मुरली प्रसाद,हरीश कुमार, परमेश्वर साहू, बसंत वर्मा आदि उपस्थित थे।



आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 27 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in
05

# खरना के साथ शुरू हुआ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास





आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छठ पर्व के दूसरे दिन रविवार को व्रतियों ने खरना पूजा किया। इसके साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया। जिले के सभी छठ घाट आकर्षक विद्युत सज्जा से सज गये हैं। घरों में पूजा की तैयारी जोरों पर है। महिलाएं व्रत रखकर सूर्य देव से अपने परिवार की भलाई की प्रार्थना करेंगी। खरना का यह दिन छठ के सबसे पवित्र और भावनात्मक दिनों में से एक है। निर्जला व्रत खरना को आत्मशुद्धि का दिन कहा जाता है। यह दिन संयम, तपस्या और भक्ति का प्रतीक है। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व में व्रती अपने परिवार की सुख-शांति और संतान की लंबी उम्र के लिए सूर्य देव और छठी माई की पूजा करती हैं। खरना के दिन व्रती पूरे दिन कुछ भी नहीं खाती-पीती हैं। शाम के समय सूर्य देव को अर्घ्य देकर पूजा करती हैं। इस दिन का उपवास बहुत कठिन माना जाता है, क्योंकि पूरे दिन बिना पानी पिये रहना होता है।

**सूर्य उपासना का सबसे प्राचीन पर्व है छठ :** छठ पूजा को सूर्य देव की उपासना का सबसे प्राचीन पर्व माना जाता है। माना जाता है कि सूर्य देव स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि के दाता हैं। छठ माई यानी सूर्य की बहन की पूजा करने से परिवार में खुशहाली आती है।

### लोगों में बंटा खीर, रोटी और फल का प्रसाद

खरना करने के लिए व्रतियों ने रविवार की शाम स्नान के बाद प्रसाद बनाया। खरना के प्रसाद में गुड़ की खीर, रोटी और फल होते हैं। सूर्यास्त के बाद व्रती सबसे पहले खुद प्रसाद खाती हैं, उसके बाद परिवार और आस-पड़ोस के लोगों को प्रसाद देती हैं। इस दिन का प्रसाद बहुत पवित्र माना जाता है। कोई भी व्यक्ति तब तक प्रसाद नहीं खाता जब तक व्रती उसे न दे। खरना के बाद व्रती अगले 36 घंटे तक निर्जला व्रत रखती हैं। यानी बिना पानी पिए तीसरे दिन शाम तक उपवास करती हैं।

## सिमरिया लूटकांड का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** सिमरिया थाना क्षेत्र के देल्हो घाटी में 15 दिन पहले हुई सनसनीखेज लूटपाट की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक उद्भेदन कर लिया है। अज्ञात अपराधियों ने पिस्तौल सटाकर दो बाइक पर सवार तीन व्यक्तियों से नकदी और मोबाइल लूट लिए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देश पर सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम गठित की गयी। गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार अपराधियों—गौतम कुमार (आरातु, सिमरिया), पुरुषोत्तम कुमार उर्फ चाँद, अभिजीत कुमार और संजय कुमार (ईचाक कला, सिमरिया)—को गिरफ्तार किया। उनके पास से लूटे गये तीन में से दो मोबाइल (रेडमी और सैमसंग) और एक बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद भी कर लिया गया। लूट में इस्तेमाल पिस्तौल एक खिलौना था। गिरफ्तार अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अन्य संलिप्त अपराधियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।




## फलों की खुशबू से महका बाजार, पूजा सामग्री खरीदने के लिए उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** महापर्व छठ को लेकर रामगढ़ का बाजार सज गया है। फलों की खुशबू की महक लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रही है। सड़कों के दोनों और पूजा सामग्री खरीदने के लिए छठ व्रतियों की भीड़ उमड़ पड़ी है। शहर के सुभाष चौक से लेकर फुटबॉल ग्राउंड तक फल का बाजार सज गया है। चट्टी बाजार, बाजार टांड़, लोहार टोला, शिवाजी रोड, थाना चौक, रांची रोड में भी फलों का बड़ा बाजार सजा हुआ है, केले की कांधी, सेब की पेटी के अलावा अन्य मौसमी फलों की खरीदारी लोग कर रहे हैं।

**रोशनी से जगमगाया छठ घाट :** महापर्व छठ को लेकर दामोदर नदी तट, बिजुलिया तालाब, जारा टोला के अलावा दामोदर नदी पर बने कई घाट की सजावट बेहद आकर्षक तरीके से की गयी है। रविवार की शाम से ही छठ घाट दूधिया रोशनी से जगमगा रहे हैं। इसके अलावा छठ घाट के लिए बने रास्तों पर भी सजावट की गयी है। रामगढ़ शहर के दामोदर नदी घाट पर पूजा समिति के द्वारा बेहद आकर्षक सजावट की गई है। यहां छठ पूजा पंडाल का उद्घाटन भी गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के द्वारा किया जाना है। बिजुलिया तालाब छठ घाट की सजावट भी बेहद आकर्षक तरीके से की गयी है। यहां डीसी और एसपी की मौजूदगी में छठ व्रती अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देंगे। घाट पर व्रतियों को गहराई से रोकने के लिए बैरिकेडिंग भी की गयी है। इसके अलावा सुरक्षा को लेकर नाव के इंतजाम की किये गये हैं। सभी छठ घाटों पर ड्रोन कैमरे से जिला प्रशासन निगरानी करेगा। सुरक्षा को लेकर पुलिस की मौजूदगी भी रहेगी। सुबह से लेकर रात तक सुरक्षाकर्मी छठ घाटों पर मौजूद रहेंगे। यहां तक कि भीड़ भाड़ में कोई गुम ना हो जाए इसके लिए भी जिला प्रशासन के द्वारा लगातार अनाउंसमेंट किया जायेगा। पूजा समिति के वॉलिंटियर्स भी छठ घाट पर मौजूद रहेंगे।

## सूर्य उपासना के महापर्व छठ का खरना संपन्न



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था और भगवान सूर्य की उपसाना का महापर्व छठ पूजा रविवार की शाम दूसरा दिन छठ व्रतीयों ने खड़ना का अनुष्ठान कर पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। इसमें हजारों लोगों ने छठव्रतियों के घरों में जाकर प्रसाद ग्रहण किया। दूसरी ओर सोमवार के अस्ताचलगामी और मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए फलों की खरीदारी भी की जा रही है। इसके लिए पतरातू भगत सिंह चौक, न्यू मार्केट पतरातू स्टेशन सहित कई स्थानों में फलों की दुकानें सज गयी है। वहीं पतरातू डैम समेत आसपास के जलाशयों, तालाबों और नदियों में छठ महापर्व मनाने के लिए छठ घाट तैयार कर लिया गया है। पीटीपीएस डैम व दामोदर नदी के छठ घाट सहित शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों छठ घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। इसके लिए समितियों द्वारा छठ व्रतियों के लिए अनेकों सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी है।

## राकोमयू रीजनल सेक्रेटरी ने तोपा कोलियरी का किया दौरा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के सीसीएल रिजनल सेक्रेटरी कुमार महेश सिंह ने तोपा कोलियरी का दौरा किया। दौरा कार्यक्रम का नेतृत्व शाखा सचिव जयनाथ महतो ने किया। इस दौरान उन्होंने पीट आफिस व एक्सावेशन वर्कशाप में बैठक कर संडे ड्यूटी, आपरेटर इंसेंटिव और प्रोन्नति समेत विभिन्न मुद्दों पर कर्मियों से जानकारी ली। साथ ही, मजदूरों की समस्याओं का समाधान कराने का भरोसा दिलाया। वहीं, कोलियरी में कार्यरत दशरथ महतो के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की। इधर, मजदूरों की समस्याओं से अवगत होते हुए सीसीएल प्रबंधन से वार्ता कर शीघ्र समाधान की बात कही। कहा कि एक यूनियन पदाधिकारी द्वारा ऑपरेटरो को बहकाकर दो रविवार कार्य बंद करा कंपनी व ऑपरेटरों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने ऐसे लोगों से बचने की सलाह दी। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, तोपा शाखा अध्यक्ष राजकुमार, रोहन महतो समेत कई शामिल रहे।

## उपायुक्त ने छठ घाटों का लिया जायजा



**चतरा (आजाद सिपाही)।** छठ महापर्व को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप देने का कार्य जारी है। उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी ने आज पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल, सदर अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारियों के साथ चतरा नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों कठौतिया तालाब, छठ तालाब सहित हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के जोरी छठ घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, गोताखोरों की तैनाती, पानी में बैरिकेटिंग और अन्य सुरक्षा प्रबंधों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि 27 अक्टूबर को प्रथम अर्घ्य तथा 28 अक्टूबर को द्वितीय अर्घ्य का आयोजन होगा।

## मां शीतला देवी मंदिर में भंडारा का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। इसके बाद लायंस क्लब ने फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 300 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया। बताया गया कि पिछले एक वर्ष से अधिक समय से प्रत्येक सप्ताह लायंस परिवार के द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से इस तरह का आयोजन किया जाता है। लायंस परिवार ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को सहयोग करने की अपील की। इधर परमानेंट वैक्सीनेशन के तहत लायंस क्लब द्वारा राज नर्सिंग होम में दर्जनों नवजात शिशुओं और गर्भवती महिलाओं का नि:शुल्क टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा, सचिव लायन अखिलेश शर्मा, कोषाध्यक्ष लायन निर्मल अग्रवाल, जिला चेयरपर्सन लायन विजयंत कुमार, लायन रेखा वर्णवाल, लायन माला शर्मा, लायन विजय वर्णवाल, लायन अंजू देवी, लायन रेखा मंजुल, लायन डॉ. एमके मंजुल, एमजेएफ संजय जयसवाल, लायन दीनबंधु सिंह, भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबु, रमेश अग्रवाल आदि सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## उरलुंग डायर जतरा मेला धूमधाम से संपन्न



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** उरलुंग में आयोजित डायर जतरा मेला हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मेला में बतौर मुख्य अतिथि जेएमएम के वरिष्ठ नेता संजीव बेदिया और विशिष्ट अतिथि के रूप में बरकाकाना ओपी प्रभारी उमा शंकर वर्मा उपस्थित रहे। मेला का संचालन कमिटी के संरक्षक पंचदेव करमाली उर्फ पंचम ने किया। कमिटी के मुख्य संरक्षक छोटे लाल करमाली, अध्यक्ष दिलीप ओरांव व सचिव प्रदीप बेदिया की अगुआई में कमिटी के पदाधिकारियों ने उपस्थित अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। मेला के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गयी। मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने अपने संबोधन में कहा कि मेला के आयोजन से लोगो में भाईचारे और आपसी सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। मौके पर वार्ड पार्षद गीता देवी, पूर्व मुखिया रमण बेदिया, तूफान ओरांव, सिकन्दर लिंडा, सूरज बारला, दीना नाथ ओरांव, अविनाश ओरांव, अंकित ओरांव मुकेश मुंडा, सुभाष ओरांव, शिव नारायण बेदिया, राम बिलाश मुंडा, धनेश्वर ओरांव, महेश मुंडा, रमेश बेदिया, जतरू ओरांव, मंगल ओरांव, केंदुआ ओरांव, बिनोद ओरांव, सिकंदर लकड़ा, विमल मुंडा, राम प्रसाद मुंडा, अनिल मुंडा, बरतू ओरांव, संजय राम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।












# 'गरीबों के भगवान' डॉक्टर सुरेंद्र सिंह का निधन

**पांच रुपये की फीस में करते थे गरीबों का इलाज**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पलामू जिले के प्रसिद्ध चिकित्सा डॉक्टर सुरेंद्र सिंह नहीं रहे। यह एक सामान्य सी लगने वाली खबर है। क्योंकि दुनिया में जो आया है उसे जाना ही है। यही अंतिम सत्य है। लेकिन कौन क्या करके गया। क्या था। समाज को क्या दिया। उसकी अपनी पहचान क्या थी। कर्म कैसे थे। लोग इसी की चर्चा करते हैं, और याद करते हैं। सुरेंद्र सिंह डॉक्टर थे। लेकिन पेशेवर नहीं थे। सौदागर नहीं थे। मरीजों का खून नहीं चूसते थे। कभी धोखा नहीं दिया। फरेब नहीं किया। अनावश्यक जांच नहीं। दवा दुकानदारों या जांच घरों से कमीशन खोरी नहीं। उनके दरवाजे मरीजों के लिए 24 घंटे खुले रहते थे।

चिकित्सक को धरती पर भगवान का दर्जा प्राप्त है। डॉ सुरेंद्र सिंह इन्हीं में से थे। वह गरीबों के भगवान थे। उनकी फीस सुनकर आपको यकीन नहीं होगा। आपको लगेगा वह डॉक्टर नहीं थे क्या? एमबीबीएस की डिग्री नहीं थी। अनुभव नहीं था। क्या आखिर क्यों उनकी फीस 5 रुपये थी। आजकल तो डॉक्टरों की फीस 2 से 3 हजार तक है। मरीज डॉक्टर के पास जाने से डरते हैं। गरीब हैं तो घर द्वार, बैल-बकरी, गहना- जेवर, खेत जमीन बिक जायेगी। लेकिन सुरेंद्र सिंह ने ऐसा कुछ नहीं किया न कराया। उन्होंने डॉक्टरी पेशे को पैसा कमाने का जरिया नहीं, सेवा माना, ईश्वर का वरदान समझा। इसलिए उन्हें आप धरती पर भगवान का दर्जा दे सकते हैं।

पलामू के हैदरनगर में वह लंबे समय तक रहे। यहां उनकी फीस 5 रुपये थी। यदि पूरे दिन में 100 मरीजों को दिखा तो 50 तो मुफ्त वाले थे। अपने गांव देहात के मरीजों से फीस लेने की तो वह सोच भी नहीं सकते थे। किसी ने देने की कोशिश की तो हाथ जोड़ लिया। लंबे समय तक रमना, नगर ऊंटरी में भी सेवा दी। गढ़वा में सिविल सर्जन भी रहे। यहां भी यही व्यवहार था। जब वे हैदरनगर छोड़कर डाल्टनगंज रहने लगे तो मरीज यहां भी आते थे। यहां के एक निजी अस्पताल ने उनसे सेवा देने का आग्रह किया। लेकिन उन्होंने कहा कि फीस 5 रुपये ही रखिए। लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि 5 रुपये में क्या होगा। कैसे चलेगा अस्पताल। बाद में अस्पताल प्रबंधन के दबाव में वह 50 फीस पर सेवा देने को तैयार हुए। डॉ सुरेंद्र सिंह का जन्म बिश्रामपुर (पांडू) थाने के मुरमा गांव में एक सामान्य परिवार में हुआ था। गरीबों का दर्द क्या होता है वह अच्छी तरह जानते थे।

# 28 अक्टूबर को भागवत कथा वाचक संजीव कृष्ण ठाकुर जी महाराज का रांची आगमन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** वृंदावन निवासी श्रीमद् भागवत कथा वाचक परम श्रधेय श्री संजीव कृष्ण ठाकुर जी महाराज का सायं 5:00 बजे रांची एयरपोर्ट पर आगमन होगा । श्री ठाकुर जी के परम भक्त व धर्म प्रेमी प्रमोद सारस्वत ने बताया की महाराज श्री दिल्ली से रांची पधारे रहे हैं। यहां रांची एयरपोर्ट पर महाराज जी का उनके शिस्यो, भागवत प्रेमीयो और धर्म प्रेमियों के द्वारा भव्य स्वागत और अभिनंदन किया जाएगा।

जैसा कि ज्ञात है रांची से महाराज श्री सड़क मार्ग से बलरामपुर के लिए अपने शिष्यों के संग प्रस्थान करेंगे। 29 अक्टूबर से 4 नवंबर 2025 तक बलरामपुर में महाराज श्री के सानिध्य में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन रखा गया है। आप रांची वासियों से विनम्र आग्रह है कि आगामी 28 अक्टूबर 2025 मंगलवार को सायं 5:00 बजे रांची एयरपोर्ट पहुंचकर महाराज श्री का अभिनंदन और स्वागत कर दर्शन लाभ प्राप्त करे। श्री सारस्वत ने आग्रह किया कि आगामी 29 अक्टूबर से 4 नवंबर 2025 तक होने वाली श्रीमद् भागवत कथा मैं शामिल होकर कथा अमृत वर्षा का अवश्य आनंद उठाएं।

# सैमफोर्ड अस्पताल में 86 साल के बुजुर्ग के दिल में लगाया गया लीडलेस पेसमेकर

## लीडलेस पेशमेकर कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर दीपक गुप्ता ने लगाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सैमफोर्ड अस्पताल, रांची ने राज्य में हृदय उपचार के क्षेत्र में एक नयी मिसाल कायम की है। अस्पताल के वरिष्ठ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ दीपक गुप्ता और उनकी टीम ने 86 वर्षीय बुजुर्ग मरीज के दिल में लीडलेस पेसमेकर का सफल प्रत्यारोपण किया है। यह झारखंड के लिए गर्व की उपलब्धि है, क्योंकि इतनी अधिक उम्र और जटिल शरीर संरचना वाले मरीज में यह प्रक्रिया पहली बार इतनी सफलता के साथ पूरी की गयी है।

**कठिन परिस्थिति में मिली सफलता :** मरीज को वीनस एनॉमली नामक एक दुर्लभ स्थिति थी, जिसमें पारंपरिक पेसमेकर लगाना जोखिम भरा था। ऐसे में डॉ दीपक गुप्ता ने लीडलेस पेसमेकर का विकल्प चुना, जो बिना किसी चीरे और तार (लीड) के सीधे हृदय में लगाया जाता है। डॉ दीपक गुप्ता ने बताया कि इस उम्र के मरीज में यह प्रक्रिया करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन हमने टीमवर्क और तकनीक के भरोसे इसे संभव किया। लीडलेस पेसमेकर संक्रमण के खतरे को लगभग समाप्त कर देता है और लंबे समय तक प्रभावी रहता है।

**रांची में विश्व-स्तर की चिकित्सा सुविधा :** रांची के सैमफोर्ड अस्पताल ने यह साबित कर दिया है कि अब रांची और झारखंड के मरीजों को बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

### लीडलेस पेसमेकर और उसकी खूबियां

लीडलेस पेसमेकर हृदय की धड़कन को नियंत्रित करने वाला आधुनिक यंत्र है, जो पारंपरिक पेसमेकर की तुलना में बहुत छोटा और अधिक सुरक्षित है। इसमें छाती में चीरा लगाने की आवश्यकता नहीं होती। संक्रमण और लीड के खिसकने का जोखिम बेहद कम होता है। पूरी प्रक्रिया न्यूनतम आक्रामक (मिनिमली इनवेसिव) होती है। बुजुर्ग मरीजों और ब्लड थिनर लेने वालों के लिए यह बेहद उपयोगी है। जिन मरीजों को बार-बार संक्रमण होता है, उनके लिए भी यह बेहतर विकल्प है।

सैमफोर्ड अस्पताल की इस उपलब्धि ने राज्य को उन्नत कार्डियक थेरेपी के क्षेत्र में नयी पहचान दी है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि यह तकनीक अब रांची में नियमित रूप से उपलब्ध होगी। हमारा प्रयास है कि झारखंड के मरीजों को किसी भी अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा के लिए बाहर न जाना पड़े।

**सैमफोर्ड अस्पताल बना उम्मीद का केंद्र :** सैमफोर्ड अस्पताल लगातार आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के जरिये राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने की दिशा में काम कर रहा है। इस ऑपरेशन ने यह दिखा दिया है कि अगर इच्छा और विशेषज्ञता हो, तो रांची में भी विश्व-स्तर की चिकित्सा संभव है

## चक्रवातीय तूफान मोंथा का झारखंड पर असर

# 28 से 31अक्टूबर तक भारी बारिश का अलर्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** दक्षिण पूर्वी बंगाल की खाड़ी में बना दवाब क्षेत्र वाला एक सिस्टम पश्चिम उत्तर पश्चिम की ओर लगातार बढ़ रहा है। 28 अक्टूबर की शाम या रात तक काकीनाडा के पास समुद्रतट से टकराएगा और भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील हो जाने की पूरी उम्मीद है। इस चक्रवातीय तूफान का नाम मोंथा दिया गया है, जो थाईलैंड का दिया हुआ नाम है। इस चक्रवातीय तूफान मोंथा का असर झारखंड के ऊपर भी दिखेगा। रांची स्थित मौसम केंद्र ने मोंथा के प्रभाव से राज्य में 28 अक्टूबर से 31अक्टूबर तक अलग अलग जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ साथ मौसम केंद्र ने 28 अक्टूबर से 1 नवंबर तक राज्य भर में 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा के झोंके, मेघगर्जन और वज्रपात का भी येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम केंद्र के वरीय मौसम पूवार्नुमान वैज्ञानिक सतीश चंद्र मंडल ने बताया कि चक्रवातीय तूफान मोंथा में तब्दील होने वाले सिस्टम का असर झारखंड पर बीते शनिवार से ही दिखने लगा है। इस सिस्टम के प्रभाव से अभी भी झारखंड के ऊपर आंशिक बादल दिख रहे हैं। कल 27 अक्टूबर को भी राज्य में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। 28 अक्टूबर को राज्य के कुछ इलाकों में और 29-30 और 31अक्टूबर को भी कई जिलों में बारिश होने तथा कुछ जगहों पर भारी बारिश होने की प्रबल संभावना है। मौसम केंद्र के वरीय मौसम वैज्ञानिक सतीश चंद्र मंडल ने बताया कि 28 अक्टूबर को राज्य के दक्षिणी पश्चिमी जिलों में, 29 अक्टूबर को राज्य के दक्षिणी-उत्तर पूर्वी जिलों में 30 अक्टूबर को राज्य के उत्तर पूर्वी भाग वाले जिलों और उत्तर पूर्वी एवं मध्य भाग वाले जिलों में कहीं कहीं भारी वर्षा की संभावना देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है।

# कश्मीर की चिंता छोड़ झारखंड की चिंता करें वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर : आदित्य साहू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सांसद आदित्य साहू ने राज्य के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा कश्मीर के पर्यटन और अर्थव्यवस्था की चिंता करते हुए भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखे जाने पर तीखी प्रतिक्रिया दी।

साहू ने कहा कि झारखंड के विकास के लिए जनता से वोट लेने वाली हेमंत सरकार आज लोगों को निराश और हताश कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की विधि व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। हत्या ,लूट,सामूहिक बलात्कार, अवैध खनन जैसी वारदातें आम हो गयी है। अस्पतालों की स्थिति भयावह है। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। जेल से, विदेश से भी राज्य के व्यवसायियों को वीडियो कॉल करके करोड़ों में फिरौती मांगी जा रही। नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही। उन्होंने कहा कि राज्य आम आदमी,खास आदमी कोई सुरक्षित नहीं। राज्य की सड़कें बद से बदतर होते जा रहे । उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री को कश्मीर की अर्थव्यवस्था और पर्यटन की चिंता हो रही लेकिन झारखंड के पर्यटन और अर्थव्यवस्था की चिंता नहीं हो रही। आज कश्मीर रोज विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। इसलिए अच्छा होता वित्त मंत्री राज्य के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर राज्य के पर्यटन को ठीक करने की चिंता करते । झारखंड को विकसित झारखंड, अपराध, भ्रष्टाचार मुक्त झारखंड बनाने की चिंता करते।

# संक्रमित रक्त चढ़ाना सरकारी तंत्र की संवेदनहीनता है : सुदेश महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि चाईबासा सदर अस्पताल में थैलेसीमिया से पीड़ित पांच मासूम बच्चों को एचआइवी संक्रमित रक्त चढ़ाने की घटना केवल एक मानवीय भूल नहीं, बल्कि सरकारी तंत्र की अमानवीय लापरवाही और संवेदनहीनता का उदाहरण है। जिस व्यवस्था से जनता अपने जीवन की सुरक्षा की उम्मीद करती है, वही अब भय और अविश्वास का कारण बन रही है।

श्री महतो ने कहा कि राज्य सरकार को पूरे प्रकरण की पारदर्शी और उच्चस्तरीय जांच करवानी चाहिए और दोषियों की जिम्मेवारी तय कर उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। साथ ही राज्य सरकार यह भी सुनिश्चित करे कि भविष्य में ऐसी अमानवीय घटना दोबारा न दोहराई जाये।

उन्होंने कहा कि यह केवल पांच बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ के साथ ही झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था पर जनता के विश्वास और सुरक्षा के अधिकार का प्रश्न है।

# कोकर में विवादित जमीन पर कब्जा का प्रयास, मोनू पर केस दर्ज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के कोकर स्थित मूर्ति गली में एक विवादित जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा करने का प्रयास करने वाले मंजय प्रकाश उर्फ मोनू पर सदर थाना में मामला दर्ज किया गया है। मूर्ति गली निवासी श्रीमती मिठू रिचर्ड ने सदर थाना में दिए गए आवेदन में बताया कि हमारा परिवार इस जमीन पर पिछले 80 वर्षों से भी अधिक समय से रहते आ रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ दिनों से इस जमीन पर मंजय प्रकाश उर्फ मोनू, महेश राव और गुड्डू सिंह सहित अन्य लोग अवैध रूप से कब्जा करना चाह रहे हैं। इस संबंध में मिट्ठू रिचर्ड की नानी फगनी तिर्की ने 18 अक्टूबर 2025 को सदर अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय में आवेदन दी है। न्यायालय द्वारा मनु सिंह (मोनू) को नोटिस जारी कर 8 नवंबर को न्यायालय में उपस्थित होने को कहा गया है।

मिठू रिचर्ड बताती है कि छठ पर्व के कारण न्यायालय के बंद रहने का लाभ उठा कर मोनू और महेश राव सहित अन्य लोग 25 अक्टूबर 2025 से मजदूर लगा कर जमीन पर कब्जा के लिए बाउंड्री करवा रहे हैं।

इस संबंध में सदर थाना में शिकायत करने पर पुलिस की टीम आकर काम बंद करवाती है। पुलिस के जाने के बाद फिर काम शुरू कर दिया जाता है। रविवार को भी अवैध रूप से बाउंड्री का कार्य जारी था। जिसे पुलिस ने आकर बंद करवा दिया। इसके बाद सदर थाना में उन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

न्यायालय में विचाराधीन जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा करने के प्रयास के खिलाफ मिट्ठू रिचर्ड ने सदर थाना में शिकायत की है। जिसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, डीजीपी, सदर एसडीओ, आईजी, डीआईजी और एसएसपी को देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# चाइबासा में थैलेसीमिया से पीड़ित मासूम बच्चों को एचआइवी संक्रमित रक्त चढ़ाये जाने की घटना अत्यंत भयावह : अन्नपूर्णा देवी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने झारखंड के चाईबासा जिले में थैलेसीमिया से पीड़ित पांच मासूम बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाये जाने की घटना को अत्यंत भयावह और अमानवीय लापरवाही करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह घटना केवल एक चिकित्सीय गलती नहीं, बल्कि संपूर्ण स्वास्थ्य तंत्र की विफलता का प्रतीक है। जिन बच्चों की ज़िंदगी उपचार से बचाई जानी थी, उन्हें लापरवाही और गैर-जिम्मेदारी ने आजीवन पीड़ा दे दी है। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि ऐसे मामलों में केवल मुआवजे की घोषणा कर देना पर्याप्त नहीं है। यह समय पूरे तंत्र की समीक्षा का है, यह समझने की जरूरत है कि संक्रमित रक्त आखिर कहां से आया। परीक्षण की प्रक्रिया में चूक कैसे हुई, और इतनी गंभीर गलती के बाद जवाबदेही तय क्यों नहीं हो रही है। उन्होंने झारखंड सरकार से आग्रह किया कि इस पूरे मामले की निर्धारित समय सीमा में उच्चस्तरीय जांच कराई जाये और जो भी व्यक्ति या अधिकारी इस अपराध में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से दोषी पाया जाए, उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाये। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह मामला केवल पांच बच्चों का नहीं, बल्कि पूरे राज्य के स्वास्थ्य तंत्र और जनता के भरोसे का प्रश्न है। उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से भी यह आश्वासन दिया कि यदि आवश्यक हुआ तो केंद्र स्तर पर भी उचित सहयोग और निगरानी सुनिश्चित की जायेगी। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि राज्य सरकार को यह समझना होगा कि शासन संवेदनशीलता और जवाबदेही से चलता है न कि संवेदनहीनता से।

# चाइबासा की घटना अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा है, सरकार निष्पक्ष जांच करायेगी : कांग्रेस

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** चाईबासा जिले में थैलेसीमिया से पीड़ित पांच मासूम बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाये जाने की घटना पर प्रदेश कांग्रेस ने सफाई दी है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि चाईबासा की घटना अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा है सरकार ने इस घटना पर संज्ञान लेते हुए एक उच्च स्तरीय जांच दल गठित कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करायेगी अभी तत्काल कार्यवाही करते हुये सिविल सर्जन सहित ब्लड बैंक के अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। सिन्हा ने कहा कि मामला काफी संवेदनशील है बचो के जीवन के साथ खिलवाड़ बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सिन्हा ने बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर हम अयोग्य की परिभाषा बताने लगे तो केंद्र की आधी कैबिनेट मुक्त होगी।

हर मामले में राजनीति अच्छी नहीं होती। उन्होंने बाबूलाल मरांडी को याद दिलाया कि जब उनकी सरकार थी ती ऑक्सीजन के अभाव में कई बच्चे ने दम तोड़ दिया।

# सरकार गंभीर, दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई : लाल किशोर नाथ शाहदेव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने चाईबासा अस्पताल में बच्चों को कथित रूप से संक्रमित खून चढ़ाए जाने की घटना बेहद दुखद है, और सरकार ने तुरंत इसकी उच्च-स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। लेकिन इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को 'राज्य प्रायोजित हत्या' बताना घटिया राजनीति है। उन्होंने कहा कि यह राजनीति करने का कोई विषय नहीं है। यह घटना अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। जो पीड़ित बच्चियां हैं, उनके प्रति हम संवेदना व्यक्त करते हैं और चूक कहां हुई दोषी वार कौन है? इसको लेकर के सरकार गंभीर है और निश्चित रूप से जो इसके लिए दोषी वार होंगे उन पर कार्रवाई होगी।

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि इतना जरूर है कहीं ना कहीं चूक हुई है, और इसी का परिणाम है कि उन बच्चियों को जो एचआईवी ब्लड था, वो उन लोगों को ट्रांसप्लांट किया गया। इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए कम है।

लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि बाबूलाल मरांडी यह भूल गए कि स्वास्थ्य व्यवस्था रातों-रात नहीं सुधरती? उन्हें धैर्य रखना चाहिए और जांच पूरी होने का इंतजार करना चाहिए, न कि एक संवेदनशील मामले पर सनसनी फैलाकर माहौल बिगाड़ना चाहिए। सरकार दोषी पाए जाने वालों पर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू का बयान तो और भी तर्कहीन है। क्या वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर देश के किसी भी हिस्से, जिसमें कश्मीर भी शामिल है, की अर्थव्यवस्था की चिंता नहीं कर सकते? एक केंद्रीय मंत्री होने के बावजूद, भाजपा नेता संकीर्ण क्षेत्रीयता दिखा रहे हैं। कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, और देश के किसी भी हिस्से के विकास की चिंता करना एक जन प्रतिनिधि का दायित्व है।

# खूंटी में छठ घाटों की सजावट, आज दिया जायेगा अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर खूंटी जिले के विभिन्न छठ घाटों पर सजावट और साफ-सफाई का कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है। रविवार को पूरे दिन नगर पंचायत की टीम, सामाजिक संगठनों और स्थानीय युवाओं ने मिलकर घाटों की सुंदरता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। छठ व्रतियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाटों पर प्रकाश व्यवस्था, चेंजिंग रूम, मिट्टी समतल करने और सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं।

खूंटी का राजा तालाब, चौधरी तालाब, साहू तालाब, तजना नदी घाट, तोरपा के छाता नदी घाट के अलावा मुरहू, कर्रा, रनिया और कर्रा प्रखंड कई छोटे-बड़े तालाबों में साफ-सफाई का कार्य लगभग पूरा हो चुका है।

छठ घाटों के चारों ओर रंग-बिरंगी झालरों, फूल-मालाओं और रोशनी से सजावट की गयी है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा है।

नगर पंचायत के कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय स्वयंसेवक घाटों पर सक्रिय नजर आए, वहीं प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी घाटों की स्थिति की निगरानी करेंगे, ताकि श्रद्धालुओं को कसी प्रकार की असुविधा न हो।

सोमवार को खरना के साथ व्रतियों के निर्जला उपवास की शुरूआत होगी और मंगलवार की शाम अर्घ्य देने के लिए घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। छठ घाटों की मनमोहक सजावट से पूरा खूंटी क्षेत्र आस्था और उत्साह से सराबोर हो उठा है।



### छठ महापर्व को लेकर खूंटी में फलों की दुकानों में उमड़ी भीड़

खूंटी। सूर्य उपासना के महापर्व छठ को लेकर रविवार को खूंटी बाजार में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। श्रद्धालुओं द्वारा नहाय-खाय के बाद अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य देने की तैयारी शुरू हो गई है। इसी को लेकर स्थानीय बाजारों में पूजा सामग्री और फलों की दुकानों पर सुबह से ही भारी भीड़ उमड़ पड़ी। खासकर केला, नारियल, सेव, संतरा, अमरूद, गन्ना, नींबू और शरीफा की खरीदारी को लेकर लोगों में होड़ मची रही। व्रतियों द्वारा छठ पूजा में प्रयोग होने वाले शुद्ध फल और सामग्री खरीदने के लिए दूरदराज के ग्रामीण भी बाजार पहुंचे। दुकानदारों के चेहरे पर बिक्री बढ़ने की खुशी साफ झलक रही थी। तोरपा में रोड के फल दुकानदार महादेव साहू ने बताया कि इस बार फलों के दामों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। केला की कीमत में कुछ तेजी आयी है।



### खूंटी, तोरपा, मुरहू में गंगा आरती

छठ महापर्व के पावन मौके पर खूंटी के चौधरी तालाब, तोरपा के छाता नदी घाट और मुरहू नदी छठ घाट पर सोमवार की संध्या और मंगलवार की सुबह गंगा आरती की जायेगी। इसके लिए बनारस से पंडितों को बुलाया गया है। इसके साथ ही खूंटी के चौधरी तालाब और तोरपा के छाता नदी घाट पर भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

## हत्या के आरोपी दो सगे भाई गिरफ्तार, गये जेल



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कर्रा थाना क्षेत्र के छाता गांव में शनिवार को कोपिया धान नमक 30 वर्षीय युवक की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए हत्या के आरोपी दो सगे भाइयों मांगरा धान और चामा धान को छोटा छाता गांव से रविवार को गिरफ्तार कर लिया।

इस संबंध में पुलिस द्वारा बताया गया कि पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो को गुप्त सूचना मिली कि कोपिया धान की हत्या के दोनों आरोपी अपने गांव छोटा छाता गांव में छिपे हुए हैं। एसपी के निर्देश पर सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। तुम ने रविवार को छापामारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस टीम में एसडीपीओ के अलावा तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, कर्रा के थाना प्रभारी मनीष, कुमार, एसआइ भारत भूषण पटेल, एसआइ मनोरंजन सिंकू और रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे। पुलिस ने पकड़े गये आरोपियों की निशानदेही पर हत्या के आरोपी की चप्पल और खून लगा जींस बरामद किया है। ज्ञात हो कि आरोपियों ने शनिवार को कोपिया धान की उस समय हत्या कर दी थी जब वह खेत में कम कर रहा था। उन्हें आशंका थी कि कोपिया धान का अवैध संबंध आरोपी की पत्नी के साथ था।

## खरना संपन्न, अस्ताचलगामी सूर्य को आज दिया जायेगा अर्घ्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ के दूसरे दिन व्रतियों ने रविवार की शाम में खरना का अनुष्ठान किया। शाम में व्रती स्नान दान कर भगवान भास्कर का ध्यान लगाया और अपने घर में खरना का भोग चढ़ाया। पूजा पाठ के बाद व्रतियों ने प्रसाद के रूप में खीर का भोजन किया। उसके बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। लोक आस्था के इस महापर्व में प्रसाद पाने के लिए लोग व्रतियों के यहां पहुंचते रहे। देर रात तक प्रसाद पाने के लिए लोग एक दूसरे के घर जाते रहे।

सोमवार की शाम में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। मंगलवार की सुबह में उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर चार दिवसीय पर्व संपन्न होगा। राहे प्रखंड के दुलमी गांव में प्रताप कुशवाहा अपने आवास में अनुष्ठान करेंगे। इसके अलावे पुरानानगर, सोनाहातु, जामुदाग, पंडाडीह, बारेंदा आदि गांव में धूमधाम से छठ मनायी जा रही है।

## श्रद्धालुओं ने खरना कर शुरू किया छठ का निर्जला उपवास

**मुरी (आजाद सिपाही)।** रविवार को छठ पर मुरी सिल्ली के श्रद्धालुओं ने खरना कर निर्जला उपवास का व्रत शुरू किया। श्रद्धालुओं ने नए मिट्टी के चूल्हे पर प्रसाद का निर्माण किया एवं आम का लकड़ी का जलावन में प्रयोग किया। छठ व्रतियों ने नए वस्त्र पहने,आस पड़ोस के रिश्तेदारों एवं अन्य लोगों को प्रसाद के रूप में खीर और पुडी का वितरण किया गया। सुबह से ही छठ के गीतों से क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। इससे पहले लोगों ने अपने घर के आंगन को गाय के गोबर से लिपाई पुताई कर शुद्ध किया। दिन भर फल प्रसाद के दुकानों पर भीड़ देखी गई। इस बार गन्ने की कीमत 30 से 40 रुपये प्रति पीस रही। छठ घाट भी बनकर तैयार है।

## बुंडू और आसपास में छठ महापर्व की धूम

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू एवं आसपास रविवार की शाम भगवान श्री के पूजन अर्चना एवं घी लगी रोटी गुड़ की खीर और फल का भोग लगाने के बाद प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही छठ महाव्रत का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। इस मौके पर छठ व्रतियों में अपने इष्टजनों में मित्र जनों को खरना का प्रसाद वितरण भी किया। यह पर्व स्वच्छता का प्रतीक है। इस पर्व में भगवान सूर्य की आराधना की जाती है। सोमवार को अस्तलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा एवं मंगलवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ पर्व का समापन होगी।

## छठ व्रतियों में चायवाले ने बांटे दूध-ईख



**तोरपा (आजाद सिपाही)।** तोरपा में गुमटी पर चाय बेचने वाले टुनटुन चाय वाले ने दर्जनों छठ व्रतियों के बीच पांच लीटर दूध और पांच पांच ईख का वितरण किया। टुनटुन चायवाले ने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से छठ महापर्व के खरना के दिन सुबह में दूध और ईख का वितरण करते आ रहे हैं।

## श्रद्धा और भक्ति के साथ खरना अनुष्ठान संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** सूर्य उपासना का महापर्व छठ के दूसरे दिन रविवार को पूरे श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ खरना अनुष्ठान संपन्न किया गया। जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में छठ व्रतियों ने उपवास रखकर दिनभर घर की साफ-सफाई और प्रसाद बनाने की तैयारियों में समय बिताया। शाम होते ही नदी, तालाब और कुओं के स्वच्छ जल से स्नान कर व्रतियों ने पूजा की शुरुआत की।

इस अवसर पर व्रतियों ने गुड़ और चावल और गाय के दूध से बनी खीर, रोटी और केले का प्रसाद तैयार कर भगवान भास्कर और छठी मइया को अर्पित किया। पूजा के बाद परिवार और आस-पड़ोस के लोगों के साथ प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे के निर्जला उपवास की शुरुआत की। खूंटी, तोरपा, मुरहू, कर्रा, रनिया सहित विभिन्न इलाकों में खरना को लेकर भक्तिमय माहौल बना रहा।

जिन घरों में छठ का आयोजन हो रहा है, वहां खरना का प्रसाद पाने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ती रही। घरों में गूंज रहे पारंपरिक छठ गीतों के कारण वातावरण को भक्तिमय बन गया।

सोमवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा और मंगलवार की सुबह उदयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा। प्रशासन की ओर से घाटों पर सुरक्षा और साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की गयी है ताकि श्रद्धालु निर्बाध रूप से पूजा-अर्चना कर सकें। छठ महापर्व के प्रति लोगों में गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिल रहा है।

### हुसैनाबाद : छठ पूजा की खुशियां मातम में बदल गयी

## सोन नदी में नहाने के दौरान तीन युवक डूबे

स्थानीय विधायक प्रशासनिक टीम के साथ स्थानीय गोताखोर के मदद से ढूंढने का कर रहे प्रयास

आजाद सिपाही संवाददाता



सोननदी के पास जमा ग्रामीणों की भीड़।

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के दंगवार ओपी क्षेत्र के पोखराही में रविवार की शाम एक दर्दनाक हादसे से पूरे गांव में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार पोखराही गांव के समीप बरवाडीह गांव के समीप छठ पूजा के लिए सोन नदी में स्नान करने गये तीन युवक सोन नदी में डूब गये। घटना की जानकारी मिलते ही दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार गुप्ता दल बल के साथ पहुंच कर घटना की जानकारी ली एवं आवश्यक कार्रवाई में जुट गये है। घटना सोन नदी के बरवाडीह घाट पर हुई है। डूबने वालों में अंकुश पासवान उम्र 22 शेरघाटी, बरहु उर्फ आदर्श चंद्रवंशी 22 वर्ष इटवा, नबीनगर थाना, रजनीश चंद्रवंशी 23 वर्ष, पोखरही के रहने वाले हैं। जबकि दो अन्य युवक को बचा लिया गया है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को लगभग 4 बजे 8 से 10 युवक सोन नदी में स्नान करने गये थे। इस दौरान 5 लोग गहरे पानी में नहाने चले गये और डूबने लगे इसके बाद उपस्थित अन्य युवकों ने काफी मशक्कत कर दो युवकों को डूबने से बचा लिया जबकि अन्य तीन लोग सोन नदी के तेज धार में बह गये। सोन नदी में डूबे तीनों युवकों के शव की तलाश जारी है। दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता ने बताया की डूबे हुए लोगों के शव खोजने के लिए स्टीमर और स्थानीय तैराकों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि प्रशासन ने सभी घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किया है लेकिन जहां डूब की घटना हुई है वहां कोई घाट नहीं है। पोखराही और अन्य आस पास के गांव के लोग छठ करने सूर्य मंदिर दंगवार घाट जाते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, एसडीओ ओम प्रकाश गुप्ता, डीएसपी एस मो याकूब, एलआरडीसी गौरांग महतो, सीओ पंकज कुमार, बीडीओ सुनील वर्मा, मुखिया असमेंद्र ठाकुर घटना स्थल पहुचकर स्थानीय गोताखोर व स्टीमर की मदद से तीनो लोगों को ढूंढने का प्रयास कर रहे है। एलआरडीसी ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम को भी सूचित कर दिया गया है।

## छठ महापर्व पर परिवार के आठ सदस्यों ने की हिंदू धर्म में वापसी

### बहकावे में किसी धर्म में गये हिंदुओं की घर वापसी आगे भी कराता रहूंगा : अभितेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम फटुटाड में अग्निवीर संस्था के डॉक्टर वशी शर्मा और अभितेस चौबे के मार्गदर्शन में गजेंद्र मुंडा सहित आठ परिवार के लोगों को छठ महापर्व के शुभ अवसर पर पंडित विपिन मिश्रा द्वारा सत्यनारायण भगवान की कथा सुनाकर हिंदू धर्म में वापसी कराया गया बताते चलें कि गजेंद्र मुंडा के पिता स्वर्गीय बटेश्वर मुंडा ने धर्म बदल कर ईसाई धर्म अपना लिया था। इसके बाद कालेश्व एवं बीमारी का प्रकोप ज्यादा बढ़ गया था। भंडरिया प्रखंड के हिंदू समाज की ओर प्रेरित कर पुनः घर वापसी के लिए कहा गया। जिसके बाद उसने तुरंत घर वापसी की। संस्था की ओर से साड़ी, कंबल एवं पूजा सामग्री देकर छठ महापर्व करने के लिए सहायता राशि भी दी गयी। वहीं, हिंदू धर्म में वापसी करने वाले गजेंद्र मुंडा उसकी मां शनिचरी कुंवर, संगीता देवी, संध्या कुमारी, रितमनी कुमारी, मैन्युअल मुंडा, अर्पणा मुंडा शामिल हैं, जो एक ही परिवार के सदस्य हैं। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के नितेश कुमार वर्मा, गांव के प्रधान राजेंद्र मांझी, संजय सिंह, उपेंद्र कुमार विश्वकर्मा और राकेश मांझी आदि उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर में 61 यूनिट रक्त संग्रह

## रक्त दाताओं को हेलमेट देकर किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक स्थित माधुरी नर्सिंग होम में रविवार को कुड़मी संस्कृति विकास समिति और व्यवसायिक सुरक्षा समिति के तत्वाधान में शहीद अजित- धनंजय महतो की स्मरण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। दिन भर में कुल 61 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। वहीं कुड़मी संस्कृति विकास समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष सपन कुमार महतो ने बताया कि समिति द्वारा हर महिने गांवों में जाकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि गरीब मरीजों को अस्पताल में रक्त के लिए जान गंवानी पड़ती है, जिसको देखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में भी युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाता है। इस बार जिन्होंने रक्तदान किया, उन्हें हेलमेट और प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया और सभी को सड़क सुरक्षा के तहत बाइक चलाते और सवार करते समय हेलमेट का उपयोग करने हेतु शपथ दिलायी गयी। मौके पर समाजसेवी राम प्रसाद महतो, प्रो. हृदय रंजन महतो, डॉ सृष्टिधर महतो, डॉ मुकेश महतो, भोला नाथ महतो उपस्थित थे।

## ट्रक की चपेट में आने से दो पहिया वाहन क्षतिग्रस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू थाना क्षेत्र रांची टाटा रोड पर गोसाईडीह के समीप एक ट्रक की चपेट में आने से एक दो पहिया वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मांझी टोली निवासी तुलसी उरांव पिता भरत उरांव अपनी मोटरसाइकल जेएच 01 एबी 4173 से गोसाईडीह स्थित पेट्रोल पंप में तेल लेने के लिए जा रहा था। इसी बीच टाटा से तेज रफ्तार ट्रक नंबर जेएच 02 एजी 4414 की चपेट में आने से मोटरसाइकिल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी।

वहीं तुलसी उरांव को मामूली चोट आयी है। घटना की जानकारी मिलने पर बुंडू थाना की पुलिस घटनास्थल पहुंचकर दोनों वाहनों को अपने कब्जे में कर थाना लेते आयी है।

## स्पर्श फीलिंग टच फिजियोथैरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर का उद्घाटन




**रांची (आजाद सिपाही)।** स्पर्श हीलिंग टच फिजियोथेरेपी और पुनर्वास केंद्र का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि अजयनाथ शाहदेव अध्यक्ष झारखंड राज्य क्रिकेट संघ ने किया। यह केंद्र लटमा रोड स्थित चोरिया टोली में स्थित है। इस मौके पर अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि इस तरह के रिहैबिलिटेशन सेंटर की जरूरत राजधानी रांची में थी। डॉ प्रमोद तिग्गा की देखरेख में सेंट्रल मरीज के लिए फायदेमंद साबित होगा। इस मौके पर निदेशक डॉ प्रमोद तिग्गा (बीपीटी, एमपीटी, एमआईपी) पूर्व सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट एंड लेक्चर कटक ने कहा कि आज कल लोगों में फिजिकल एक्टिविटीज की कमी हो गयी है। हमारे यहां सभी तरह के फिजियोथैरेपी का इलाज आधुनिक मशीनों से साथ होता है। इससे शरीर के अंग जो काम नहीं कर रहे हैं। वह काम करने लगेगा। यहां आघात, रीढ़ की हड्डी की चोट, ऑस्टियोआर्थराइटिस, मस्तिष्क पक्षाघात, खेल की चोट, वृद्धावस्था की स्थितियां संयुक्त कठोरता, ब्रेकियल प्लेक्सस चोट, मांसपेशियों में कमजोरी तनाव असंयम दर्द प्रबंधन, निचली पीठ, ऊपरी पीठ, कंधा, घुटना, कूल्हा, कोई अन्य जोड़ का इलाज होता है। रिहैबिलिटेशन सेंटर में कुशल और अनुभवी पेशेवर समग्र दृष्टिकोण पूरी तरह से सुसज्जित केंद्र है। यह सेंटर सुबह 9 बजे से 2 बजे तक और शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहता है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 27 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


# आस्था और संस्कृति का महापर्व छठ

आस्था और संस्कृति का महापर्व छठ पूजा नहाय-खाय से शुरू हो गया है। लोक आस्था के महापर्व छठ के दौरान सूर्य मंदिर की महिमा और आस्था चरम पर होती है। इस पर्व की महत्ता देश के साथ विदेश के कोने-कोने में छायी है। रांची जिला के बुंडू प्रखंड में स्थित सूर्य मंदिर न सिर्फ श्रद्धा का केंद्र है, बल्कि यह आस्था, अध्यात्म और विज्ञान का अद्भुत संगम भी है। संस्कृति बिहार ट्रस्ट के प्रयास से यह मंदिर साल 1994 को तैयार हुआ और 10 जुलाई 1994 को इसकी प्राण प्रतिष्ठा की गयी थी। यह मंदिर रथ के आकार में निर्मित है. रथ में सूर्य देव विराजमान हैं, जिन्हें सात घोड़े खींच रहे हैं। कहा जाता है कि ये सात घोड़े इंद्रधनुष के सात रंगों और सप्ताह के सात दिनों का प्रतीक हैं। रथ में 18 चक्के लगे हैं और इसके सारथी भी हैं, जो सूर्य देव के दिव्य रथ को गति देते हैं। मंदिर का सबसे विशेष और आकर्षक दृश्य है : मुख्य द्वार के ठीक सामने हनुमान जी की प्रतिमा, जो सूर्य देव के आमने-सामने स्थापित है। यह प्रतिमा गुरु और शिष्य के पवित्र संबंध की प्रतीक मानी जाती है। मान्यता है कि जब हनुमान जी ने सूर्य देव से ज्ञान की प्रार्थना की तो सूर्य देव ने कहा : मैं तो सदैव गतिशील रहता हूं, स्थिर होकर तुम्हें शिक्षा नहीं दे सकता, तब हनुमान जी ने उत्तर दिया : तो मैं आपके सम्मुख चलता रहूंगा। इसी प्रसंग की स्मृति में यहां हनुमानजी की प्रतिमा सूर्य देव के सामने स्थापित की गयी है, जो दोनों के बीच के ज्ञान और श्रद्धा के अद्भुत संवाद को जीवंत करती है। सूर्य मंदिर के निर्माण के पीछे दो प्रमुख कारण बताए जाते हैं। पहला आध्यात्मिक और वैज्ञानिक कारण : ऐसा कहा जाता है कि भगवान श्रीराम के कुलदेवता सूर्य देव हैं। वनवास के दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण इसी स्थान पर ठहरे थे। प्रातःकाल उन्होंने यहां अपने कुलदेवता सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया और फिर विश्राम किया. इसलिए यह स्थान पवित्र और पूजनीय माना जाता है। दूसरा वैज्ञानिक कारणः सूर्य देव को कुष्ठ निवारण के देवता भी कहा गया है। एक समय पंचपरगना क्षेत्र में कुष्ठ रोग व्यापक था। संस्कृति बिहार ट्रस्ट ने 1986 से इस रोग के उन्मूलन के लिए कार्य शुरू किया। संस्था का मानना था कि केवल औषधि से नहीं, बल्कि आस्था और अध्यात्म की शक्ति से भी रोग का निवारण संभव है। इसी सोच के साथ सूर्य देव का यह भव्य मंदिर बनवाया गया ताकि दवा और दुआ दोनों के संयुक्त प्रभाव से रोगमुक्ति संभव हो सके. आज यह क्षेत्र लगभग कुष्ठ मुक्त हो चुका है। मंदिर परिसर के पीछे स्थित सूर्य सरोवर छठ महापर्व का प्रमुख केंद्र है।

**रांची जिला के बुंडू प्रखंड में स्थित सूर्य मंदिर न सिर्फ श्रद्धा का केंद्र है, बल्कि यह आस्था, अध्यात्म और विज्ञान का अद्भुत संगम भी है। संस्कृति बिहार ट्रस्ट के प्रयास से यह मंदिर साल 1994 को तैयार हुआ।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**17 अक्टूबर को, महाराष्ट्र के नासिक में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के परिसर में लगभग 800 लोग लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस एमके1ए की पहली उड़ान देखने के लिए एकत्र हुए। रनवे के किनारों पर खड़े लोगों ने देखा कि जब रूस में बने सुखोई एसयू-30 और नये तेजस एमके1ए ने आकाश में उड़ान भरी। कुछ करतब दिखाने के बाद विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की। इस उड़ान को तेजस का बपतिस्मा कहा गया।**

# नयी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों की मांग कर रही भारतीय वायुसेना

सौरभ त्रिवेदी



तेजस का पहला संस्करण 2001 में वायुसेना में शामिल हुआ। वर्तमान में, तेजस के 40 विमान वायुसेना के 45वें फ्लाइंग डैगर स्क्वाड्रन सूलर एयर फोर्स स्टेशन में सेवा दे रहे हैं। तेजस एमके1ए जिसे उन्नत राडार और बेहतर इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली से लैस किया गया है, फरवरी में पहली बार सामने आया।

पिछले एक दशक में, भारतीय वायुसेना (आइएएफ) लगातार नयी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों की मांग कर रही है। अब जब मिग-21 को सेवा से हटा दिया गया है, तो वायुसेना के लड़ाकू स्क्वाड्रन की संख्या उसकी स्वीकृत क्षमता से 70 प्रतिशत कम रह गयी है। स्वदेशी निर्माण और अंतरराष्ट्रीय खरीद में देरी को ही इस तत्काल कमी का कारण बताया गया है। 17 अक्टूबर को, महाराष्ट्र के नासिक में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के परिसर में लगभग 800 लोग लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस एमके1ए की पहली उड़ान देखने के लिए एकत्र हुए। रनवे के किनारों पर खड़े लोगों ने देखा कि जब रूस में बने सुखोई एसयू-30 और नए तेजस एमके1ए ने आकाश में उड़ान भरी। कुछ करतब दिखाने के बाद विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की। इस उड़ान को तेजस का बपतिस्मा कहा गया। दोनों ओर खड़े दर्शक पानी की तोपों से विमान का पारंपरिक स्वागत कर रहे थे।

26 सितंबर को, चंडीगढ़ एयरफोर्स स्टेशन से 1,300 किलोमीटर दूर, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने मिग-21 बाइसन की आखिरी उड़ान देखी। उस समय दो अन्य विमान भी साथ उड़ान भरे। यह मिग-21 के विदाई समारोह का प्रतीकात्मक क्षण था। वायुसेना के स्क्वाड्रन नंबर 23 और 28 ने अपने विमान की विस्तृत लॉगबुक फार्म 700 को सौंप दिया। जिसमें एयर चीफ मार्शल सिंह के जीवनकाल तक की प्रत्येक मुरम्मत, निरीक्षण और रखरखाव का विवरण है, जो 1963 से उड़ान भर रहे लड़ाकू विमान की आधिकारिक तौर पर सेवानिवृत्ति का प्रतीक है।

**मौजूदा तेजस एमके1ए विमान कुछ वर्षों तक सेवा में रहेंगे, जब तक अगली पीढ़ी के विमान तैयार नहीं हो जाते।**

अपने अंतिम मिग-21 स्क्वाड्रन 23 पैंथर्स और नंबर 3 कोबरा की सेवानिवृत्ति के साथ जो कुल मिला कर 36 जैट विमानों का संचालन करते थे, भारतीय वायुसेना के पास 42 स्वीकृत क्षमता के मुकाबले 29 लड़ाकू स्क्वाड्रन हैं। यह 1960 के दशक के बाद से सबसे कम है।

## मिग युग का अंत

मिग-21 विमानों की सेवानिवृत्ति के बाद वायुसेना के पास अब 29 लड़ाकू स्क्वाड्रन बचे हैं। नया तेजस विमान पुराने मिग-21 की जगह लेने वाला है लेकिन देरी के कारण भारतीय वायुसेना में एक महत्वपूर्ण अंतराल उत्पन्न हो गया।

मौजूदा तेजस एमके1ए विमान कुछ वर्षों तक सेवा में रहेंगे, जब तक अगली पीढ़ी के विमान तैयार नहीं हो जाते। विशेषज्ञों का कहना है कि तेजस विमान बनाना भारत जैसे देशों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है लेकिन चीन जैसी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में उत्पादन अभी भी धीमा है।

## मिग की विरासत

मिग-21 के सेवा से हटने के साथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मिग की विरासत देश में स्वदेशी विमानों के निर्माण को प्रेरित करेगी। भारतीय वायुसेना द्वारा मिग-21 का निर्माण 1967 में शुरू हुआ था, जब तत्कालीन सोवियत संघ से लाइसेंस ट्रांसफर किया गया था। भारत में 872 मिग-21 बनाये गये। 1980 के दशक से लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट परियोजना शुरू हुई, ताकि इन विमानों को प्रतिस्थापित किया जा सके। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डीके सुनील ने कहा कि अब हमारा ध्यान पूरी तरह एलसीए कार्यक्रम पर है।

पूर्व वायुसेना कमांडर-इन-चीफ एयर मार्शल दिलीप कुमार पटनायक ने कहा कि अब स्वदेशी विमान और इंजन समाधान भारत की शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए।

तेजस एमके1ए का डिजाइन 4 से 4.5 पीढ़ी के विमान के समान है। हालांकि एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट कार्यक्रम में देरी और समयसीमा की चुनौतियां बनी हुई हैं।

## भारतीय वायुसेना का ध्यान केंद्रित

तेजस का पहला संस्करण 2001 में वायुसेना में शामिल हुआ। वर्तमान में, तेजस के 40 विमान वायुसेना के 45वें फ्लाइंग डैगर स्क्वाड्रन सूलर एयर फोर्स स्टेशन में सेवा दे रहे हैं। तेजस एमके1ए जिसे उन्नत राडार और बेहतर इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली से लैस किया गया है, फरवरी में पहली बार सामने आया। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि एचएएल अपने कार्यक्रम में देरी से जूझ रहा है। वर्तमान में एचएएल को जीइ एयरोस्पेस से प्रति माह दो जीइ 404 आइएन 20 इंजन मिल रहे हैं। योजना के अनुसार 83 एमके1ए विमान 2029 तक सौंपे जा सकते हैं। अतिरिक्त 97 विमानों के लिए जीइ से बातचीत अंतिम चरण में है।

## वायुसेना की चुनौतियां और भविष्य की तैयारी

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि संतुलन बनाये रखने के लिए हमें हर साल लगभग दो स्क्वाड्रन (30 विमान) की आवश्यकता है। यह कमी तुरंत पूरी नहीं की जा सकती। पिछले साल तक, वायुसेना ने 36 राफेल विमानों की तैनाती पूरी कर ली थी, लेकिन 2020 के बाद से कोई नया लड़ाकू विमान नहीं जोड़ा गया।

भविष्य में, भारत एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट पर काम कर रहा है, जो 5वीं पीढ़ी का स्टील्थ विमान होगा। इसकी पहली उड़ान अगले 5 वर्षों में होने की उम्मीद है।



# घाटशिला उपचुनाव में 11 नवंबर को मतदान होना है, कुल 13 प्रत्याशी हैं चुनावी मैदान में

## घाटशिला उपचुनाव में एनडीए और इंडिया गठबंधन का सूपड़ा साफ होगा : देवेंद्र नाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** घाटशिला उपचुनाव में 11 नवंबर को मतदान होना है। चुनावी मैदान में कुल 13 प्रत्याशी है। जेएमएम, बीजेपी और जेएलकेएम के बीच जबरदस्त त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है। चुनाव नजदीक आते आते जेएलकेएम अपना प्रचार प्रसार अभियान तेज कर दिया है। जेएलकेएम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष सह घाटशिला उपचुनाव मुख्य संयोजक देवेंद्र नाथ महतो चुनाव प्रचार अभियान तेज करने और जीत का रणनीति बनाने के लिए घाटशिला में डेरा डाले हुए हैं। देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में दवाई, कमाई और पढ़ाई चौपट है। लोग भ्रष्टाचार, अपराध और अफसरशाही से परेशान है। जनता जागरूक हो गये हैं 11 नवंबर को जेएलकेएम के पक्ष वोट कर एनडीए और इंडिया गठबंधन का सूपड़ा साफ कर देंगे। घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के कालचिती, बांधड़ीह, रघुनाथडीह, दलकी, खुकड़ाखुपी, योगीसोन, मनका बेड़ा, रावताड़ा, नरसिंहगड़, तिलाबोनी, जनबोनी, सोनाखून, बधुवा, के अलावा अन्य गांवों में जनसंपर्क कर जेएलकेएम प्रत्याशी रामदास मुर्मू के पक्ष वोट करने का अपील किया। प्रचार अभियान के दौरान केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो, प्रत्याशी रामदास मुर्मू, के साथ फनी भूषण महतो, भगीरथ हंसदा, विद्यापति महतो, विभास भगत, अमियो रंजन भगत, समित, मिंटू, रतन सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## अबकी बार घाटशिला की जनता ने कमल खिलाने का मन बना लिया है : नीलकंठ सिंह मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** झारखंड के घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के समर्थन में मंडल प्रवासी खूंटी के पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, पोटका की पूर्व विधायक मेनका सरदार और जिला मंत्री गौर चंद्र पात्र ने जनसंपर्क अभियान चलाया। रविवार को उन्होंने धालभूमगढ़ मंडल के चुकरीपाड़ा पंचायत के विभिन्न गांवों में बूथ समिति और ग्रामीणों के साथ बैठक की और बाबूलाल सोरेन के पक्ष में कमल फूल के निशान पर मतदान करने करने का आग्रह किया। इस अवसर पर नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि स्थानीय लोगों का उत्साह यह बताने को काफी है की अबकी बार घाटशिला के जनता ने कमल खिलाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि जनता बदलाव चाहती है। इस मौके पर चंदन सिंह मुंडा, कांतो मानकी, प्रशांत महतो, मोहन महतो, भोला नाथ दत्त, रोहित कर्मकार, अभय अधिकारी, अजय कुमार महतो, चित्रश्वर महतो, नवीन महतो, भागीरथी गोप, सरोजित दास, हारी राम दास, गुहीराम गोप, सुभाष गोप, उपेंद्र गोप सहित ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद है।

## स्वर्गीय मंत्री रामदास सोरेन के अधूरे सपनों को पूरा करेंगे सोमेश : संजीव सरदार

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर जनसंपर्क अभियान जोर पकड़ चुका है। इसी क्रम में रविवार को झामुमो के स्टार प्रचारक पोटका विधानसभा के विधायक संजीव सरदार ने झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के पक्ष में सुदूर महातम, चतरडांगा और बड़ाजोड़ी पंचायत के पुरानापानी गांव सहित आसपास के कई इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान विधायक संजीव सरदार ने ग्रामीणों से अपील की कि मतदाता झामुमो के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर झारखंड की अबुआ सरकार को और सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए झामुमो प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाना जरूरी है। विधायक संजीव सरदार ने कहा कि स्वर्गीय मंत्री रामदास सोरेन जी ने अपने जीवन का हर क्षण जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास को समर्पित किया। उनके अधूरे कार्यों और सपनों को उनके सुपुत्र सोमेश चंद्र सोरेन पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि सोमेश चंद्र सोरेन में भी अपने पिता की ही तरह जनसेवा का वही जज्बा और निष्ठा है। इस मौके पर झामुमो के कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अस्पताल से कूदकर युवक ने दी जान

**चाईबासा(आजाद सिपाही)। सदर अस्पताल में देर रात एक चौंकाने वाली खबर सामने आया है। एक युवक ने तीसरी मंजिल से कूदकर जान दे दी। मामला शनिवार की मध्यरात्रि करीब दो से ढाई बजे के बीच का बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक मृतक की पहचान खुटपानी प्रखंड के पूर्णिया निवासी 40 वर्षीय प्रधान पारुल होनहागा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है वह इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती था, लेकिन अचानक उसने मेल वार्ड की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलते ही सदर पुलिस मौके पर पहुंची। सब-इंस्पेक्टर मेघनाथ मंडल ने टीम के साथ घटना का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।फिलहाल युवक ने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस अस्पताल प्रशासन और मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है।**

## सोमेश सोरेन ने चलाया जनसंपर्क अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन ने रविवार को मुसाबनी प्रखंड के 01 नंबर मस्जिद एरिया, माहली पाड़ा, संथाल पाड़ा, सड़कघुटू, लाएनडीहि धोबोनी और डूंगरीडीह में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान मुसाबनी ग्राम प्रधान गौरव किस्कू की अध्यक्षता में ग्रामीणों के साथ बैठक की। सड़कघुटू गांव के ग्राम प्रधान सलखान किस्कू की अध्यक्षता में बैठक कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किये। इस दौरान उनके विचारों और समस्याओं को सुना। उन्होंने लोगों से 11 नवंबर को क्रम संख्या 2 पर तीर कमान निशान पर वोट देने का अनुरोध किया। इस मौके पर भाई विक्टर सोरेन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष, प्रधान सोरेन, सोमाय सोरेन, संजीवन पातर, हरीश भकत सहित अन्य झामुमो नेता मौजूद थे।

## 'आंख बंद करो, बेटे का संकट टल जायेगा' कहकर लाखों के जेवर लेकर फरार हुआ बहुरुपिया



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आधुनिक युग में भी अंधविश्वास और ठगी का खेल जारी है। साकची थाना क्षेत्र में एक महिला और उसकी बेटी के साथ बहरूपिया बनकर आए ठग ने ऐसा ही कारनामा कर दिया। वह दोनों से लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहने उतरवाकर फरार हो गया। पीड़िता अनीता रजक ने पुलिस को बताया बहरूपिया ने घर पहुंचकर कहा उनके बेटे पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। उसने महिला को विश्वास दिलाया अगर वह 21 कदम आंख बंद करके चलेगी, तो संकट दूर हो जायेगा। उसके कहने पर अनीता रजक और उनकी बेटी ने अपने शरीर से सभी जेवर उतरवाकर ठग को दे दिए और आंख बंदकर 21 कदम चलने लगीं। जब उन्होंने आंख खोलीं, तो बहरूपिया मौके से गायब था। घटना का एहसास होते ही महिला ने साकची थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करायी। पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है ठग की तलाश की जा रही है, आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर दिखा दिया अंधविश्वास के सहारे ठग आज भी लोगों की आस्था और भावनाओं का फायदा उठाकर ठगी को अंजाम दे रहे हैं।

# खरना के साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू, अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य आज

## छठ व्रतियों से लिए नदी-तालाबों के छठ घाट सजधज कर तैयार, सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता बंदोबस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित खुखरा तुको, पाकल मेड़ी खत्री खटंगा, ईंटा चिल्दी, जरिया, हरिहरपुर जामटोली, बिरनी बेड़ा, जहानाबाज, जमनी और नेहालु सहित दर्जनों ग्रामीण क्षेत्रों में लोक आस्था के चार दिवसीय अनुष्ठान छठ महापर्व के दूसरे दिन रविवार को खरना का प्रसाद ग्रहण करने के साथ छठव्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। सोमवार को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी। इसके लिए ठेकुआ का प्रसाद तैयार किया जाएगा। फिर उसे सूप में फल-फूल और पूजन सामग्रियों के साथ सजाया जाएगा। वहीं, मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व संपन्न होगा। इससे पूर्व रविवार को खरना पूजा कर छठ व्रतियों के साथ श्रद्धालुओं ने खरना का प्रसाद ग्रहण किया। छठ व्रत धारियों ने दिनभर निराहार एवं निर्जला उपवास रहकर सूर्यास्त के उपरांत चंद्र को अर्घ्य देकर शाम में खरना का प्रसाद ग्रहण किया और छठी मईया से आशीर्वाद लिया। इसके बाद व्रतियों ने अपने मित्रों, सगे-संबंधियों के बीच प्रसाद वितरण किया। दूसरी ओर, छठ पर्व का जश्न चारों ओर देखते ही बन रहा है। डुकू तालाब को छठ पूजा के लिए साफ-सफाई कर सजाया गया है। यहां श्रद्धालुओं द्वारा अपने-अपने पूजा घाटों को अर्घ्य के लिए तैयार कर लिया गया है। छठ महापर्व को लेकर महावीर चौक एवं देवी मंडप चौक पर पूजा सामग्री सहित अन्य सामग्रियों की भी दुकान लगायी गयी है। छठ पर्व के खरना के दिन भी लोगों के घरों में दिन भर 'कांच ही बांस के बहंगिया, लचकत जाए'..., केवला के पात पर..., मारबो रे सुगवा... द्व छठी मईया के दिहल ललनवा रे... आदि गीत छठ महापर्व के गीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया है।



खरना पूजा करती व्रती महिला।



### महापर्व छठ को लेकर तुको तालाब की हुई सफाई

बेड़ो (आजाद सिपाही)। नेम निष्ठा के महापर्व छठ को लेकर प्रखंड के तुको गांव स्थित सार्वजनिक तालाब की साफ-सफाई पूरी कर ली गयी है। ग्रामीणों और स्थानीय पूजा समितियों के सहयोग से यह कार्य किया गया। गांव के संदीप लाल, आदित्य ताम्रकार, शंभु बैठा, रूपेश, आकाश, सचिन, शंकर, यज्ञ, चीकू, जगत, गोलू, ऋषि और अमृत ने बताया कि छठ पूजा की महत्ता को देखते हुए इस वर्ष भी युवाओं ने एकजुटता दिखाते हुए श्रमदान कर साफ सफाई में शामिल हुए। इस दौरान तालाब के चारों ओर के घाटों को भी समतल किया गया और झाड़ियों को हटाया गया। इसके साथ ही, लाइट की उचित व्यवस्था की गयी है।

### लापुंग में छठ व्रतियों ने खरना पूजा की



लापुंग (आजाद सिपाही)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के दूसरे दिन रविवार को व्रतियों ने खरना का व्रत किया। इसके बाद स्नान ध्यान कर नेम निष्ठा के साथ दूध-गुड़ और चावल के खीर का प्रसाद भगवान भास्कर को चढ़ाने के बाद प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। सोमवार को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य और 28 अक्टूबर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद चार दिवसीय पर्व को समापन होगा। छठ महापर्व फतेहपुर, लापुंग, लालगंज, ककरिया, मालगो, दोलाइचा, महुगांव, देवगांव, तबेखुर्द के अलावे कई अन्य गांव में भी मनाया जाता है।

### नामकुम नव जनकल्याण समिति ने व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया



नामकुम (आजाद सिपाही)। छठ पूजा के अवसर पर नव जन कल्याण समिति जोरार की ओर से रविवार को 151 छठव्रतियों के बीच पूजा सामग्री का वितरण किया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने बताया कि वे पिछले 20 वर्षों से लगातार सेवा कार्य कर रहे है। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि पिछले कई वर्षों से पूजन सामग्री का वितरण किया जा रहा है। समाज के सक्षम लोगों को यह प्रयास करना चाहिए। जरूरतमंद परिवारजनों को छठ सामग्री का वितरण कर उन्हें सहयोग करें। कहा कि कुछ ऐसे परिवार जो लोक आस्था का महापर्व छठ की पूजा करना चाहते है और छठ के प्रति असीम श्रद्धा रखते है। वे मन मसोकर रह जाते है, वैसे करीब 151 छठ व्रतियों के बीच सामग्री का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में वार्ड 47 की पूर्व पार्षद कविता सांगा, प्रदेश कांग्रेस मीडिया सेल के चेयरमैन समीश पॉल मुंजनी, समाजसेवी किरण सांगा का अहम योगदान रहा। मौके पर नव जन कल्याण समिति के अधिकारी जयराम ठाकुर, जानकी साव केशरी, संतोष जायसवाल, सुरेश कुमार सिंह, दयाशंकर प्रसाद, नवल किशोर, सुरेंद्र यादव, मनोज सिंह, पिंटू सिंह, रामभजन सिंह मुंडा, मुकेश वर्मा, नरेंद्र सिंह, मधु सिंह, मालती देवी, कुंवर सिंह, किस्टो कुजूर, बिगल मुंडा आदि थे।

### चौहान मेंशन परिवार ने छठ सामग्री वितरित की



नामकुम (आजाद सिपाही)। नामकुम बाजार टाटा रोड स्थित चौहान मेंशन परिवार की ओर से युवा नेता पृथ्वी सिंह के नेतृत्व में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर व्रतियों के बीच छठ पूजा सामग्री का वितरण किया गया। व्रतियों को सूप, नारियल, दिया, अगरबत्ती और प्रसाद सामग्री प्रदान किया। इस अवसर पर पृथ्वी सिंह ने कहा कि छठ पूजा हिन्दुओं की अस्मिता और आस्था का प्रतीक है। कहा कि इस पूजा का उद्देश्य समाज में स्वच्छता, समानता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। चौहान मेंशन परिवार की ओर से आगे भी यह परंपरा जारी रहेगा। इस मौके पर मनोज सिंह, बिक्कू सिंह, बंटी सिंह, पृथ्वी सिंह, बिनोद सिंह, संदीप सिंह, देवराज सिंह, युवराज सिंह, यशराज सिंह, अभिराज सिंह और अंशराज सिंह आदि मौजूद थे।

### चतरा मैदान में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। पूर्व मुखिया सोहन मुंडा की ओर से रविवार को चतरा मैदान में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ो बालक और बालिकाओं नें भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, फुटबॉल, क्लेपिंग, केकड़ा दौड़, सिंगिंग, डांसिंग, क्विज सहित अन्य इवेंट्स कराए गए। बाद में विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में एक मंच उभरता सितारा के संयोजक सनातन महतो, रोहित कच्छप, वार्ड सदस्य संजय महली, मंजु देवी, बंसत हिन्दवार, जगरनाथ महली, मनोज महतो, रूपेश महतो, राजू महली आदि का योगदान रहा।

## खरना संपन्न, अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य आज





आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** लोक आस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन रविवार को व्रतियों ने खरना पूजा की। सुहागिन महिलाएं और बेटियां घर की साफ-सफाई, पूजा के बर्तन आदि की सफाई में व्यस्त दिखी। वहीं, छठ व्रतियों के यहां के पुरुषों का खरना पूजा के लिए दूध की जुगाड़ में खटालों-डेयरी के समक्ष जमावड़ा दिखा। दोपहर बाद व्रती खरना प्रसाद की तैयारियों में छठ के मधुर गीत गाते सुना गया। शाम ढलते ही खरना पूजा की तैयारी शुरू हुई। जिसके लिए एक अलग कमरे की व्यवस्था की गयी थी। खरना पूजा के बारे में ऐसी मान्यता है कि पूजा के समय किसी भी प्रकार का खर नहीं खरखराना चाहिए। खरना पूजा बंद कमरे में शांत भाव से की जाती है। खरना पूजा में छठी माई की पूजा संतान प्राप्ति एवं रक्षा के लिए की जाती है। खरना संपन्न होने के बाद सोमवार को अस्ताचलगामी सूर्य और मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा। दूसरी ओर, छठ महापर्व को लेकर प्रखंड क्षेत्र के जलाशयों को सजाया गया है। डोमा नदी छठ घाट सजाने में ओरमांझी के मुखिया दीपक बड़ाईक, उप मुखिया संतोष गुप्ता, छठ पूजा समिति के संतोष कुमार गुप्ता, राजेश गुप्ता, शशि मेहता, आनंद मेहता, काली गुप्ता, रूपेश साहू, मनीष दुबे, नीरज सोनी, शत्रुघ्न साहू, कुलदीप तिवारी, सतीश बड़ाईक, पवन साहू, शंकर घाट को सजाने में बबलू अरविंद कुमार, शंभू तिवारी, विजय श्रीवास्तव और संतोष ठाकुर आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## झामुमो सरकार आदिवासी विरोधी पार्टी : गंगोत्री कुजूर

### अजजा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की भाजपा की मजबूती में अहम योगदान : जैलेंद्र कुमार

**आदिवासी समाज के भाजपा संगठन से जोड़ने का आह्वान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा रांची जिला ग्रामीण की परिचयात्मक बैठक रविवार को गोंदलीपोखर में हुई। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बुधराम बेदिया ने किया। बैठक में अनुसूचित जनजाति समाज को पार्टी से अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने का आह्वान किया गया। इस दौरान आदिवासी समाज की आवाज को मुखरता से उठाने का निर्णय लिया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मांडर की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, जबकि विशिष्ट अतिथि प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष आरती कुजूर, भाजपा रांची जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज, पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, गीता बालमुचू और रितेश उरांव थे। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन विक्की लोहरा ने किया। इस अवसर पर गंगोत्री कुजूर ने कहा कि आदिवासी समाज को राजनीतिक रूप से सजग होना होगा। झामुमो सरकार आदिवासी विरोधी पार्टी है। वहीं, आरती कुजूर ने कहा कि भाजपा ही आदिवासी समाज के हितों की बात करती है। जबकि जैलेंद्र कुमार ने कहा कि अजजा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की भाजपा की सागठनिक मजबूती में अहम योगदान है। इस मौके पर संगठन प्रभारी भोगेन सोरेन, नकुल तिर्की, प्रदीप महली, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, थानू मुंडा, सुनील उरांव, सोमा उरांव, गौरीशंकर मुंडा, पंचम भोगता, अंजली लकड़ा, शान्ति मुंडा, अजय सिंह बड़ाइक, धनेश्वर बेदिया, बुधराम बेदिया, मनमोहन भोगता, सुनील महतो आदि उपस्थित थे।

### सड़क निर्माण में हो रही घटिया सामग्री के इस्तेमाल के प्रतिवाद में लोगों का प्रदर्शन

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में बन रही सड़कों में ठेकेदार की ओर से घाटिया सामग्री के इस्तेमाल का ग्रामीणों ने विरोध किया। इसमें चिपरा, भोडा, पंचडीहा और पतराटोली के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। उनका कहना है कि सैकड़ों बार सड़क की मांग के बाद गांव वालों को वर्षो बाद मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृत भौंड़ा से चिपरा भाया पतराटोली, पंचडीहा तक कुल 9 किलोमीटर पथ का मरम्मती का काम मिला है। पर ठिकेदार द्वारा मनमाने कार्य से सड़क में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। जिसे देखकर लग लगा है कि उक्त सड़क एक साल भी नहीं चलेगी। ग्रामीणों ने अच्छी सड़क निर्माण करने की मांग की है। ऐसा नहीं करने पर लगातार विरोध की चेतावनी दी है। इस मौके पर चिपरा के पंसस रोपना उरांव, पूर्व मुखिया बैजनाथ उरांव, विकास महतो, जीता उरांव, संजीव तिवारी, रोहित महतो ,सुशील देवी, सुगंती देवी, पवन महतो, सुनील महतो, कमलेश महतो , आदित्या महतो, धनंजय महतो, रामजय महतो, बीरेंद्र महतो, लालजीत महतो, अनूप महतो,रामदेव सिंह, चारो उरांव, सहदेव उरांव, अमृत उरांव, मंगल देव उरांव और राजेश महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## खरना संपन्न, आज अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य देंगे छठव्रती

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** महापर्व छठ के दूसरे दिन रविवार को रांची सहित राज्यभर में छठव्रतियों ने खरना का व्रत करने के बाद प्रसाद ग्रहण किया। रोटी, खीर और ठेकुआ की सुगंध से हर मन पावन हो गया। खरना को लेकर रविवार की सुबह से ही स्वर्णरेखा और सिपाही नदी के तट पर व्रतियों की भीड़ भी जुटने लगी थी। दिन चढ़ने के साथ व्रतियों की भीड़ भी बढ़ती चली गई। सुबह से ही छठव्रतियों ने स्वर्णरेखा और सिपाही नदी छठ घाट समेत



विभिन्न घाटों पर डुबकी लगाई। इसके बाद पूजन एवं खरना का प्रसाद बनाने के लिए चल पड़ी। छठव्रतियों ने खरना का प्रसाद मिट्टी के चूल्हे और आम की लकड़ी पर बनाया। देर शाम पूजा-अर्चना कर व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों और आसपड़ोस के लोगों को प्रसाद खिलाया गया। वहीं, दिनभर फल के बाजारों में रौनक रही। अर्घ्य देने के लिए लोग धोती एवं साड़ी की खरीदारी करते रहे। सोमवार को नई साड़ी एवं धोती में अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को छठव्रती अर्घ्य देंगीं।

## खरना के साथ शुरू हुआ छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** भगवान भास्कर की आराधना के महापर्व छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान के दूसरे दिन रविवार को प्रखंड के नगड़ी सहित नगड़ी देवरी, नारो, साहेर, एडचोरो, सपारोम, कुदलोंग, बलालोंग, उत्तरी टुडूल, दक्षिणी टुडूल, चिपरा, लालगुटवा और चेटे पंचायत के विभिन्न गावों में सैकड़ों छठव्रतियों ने स्थानीय जलाशयों में स्नान-ध्यान कर भगवान सूर्यदेव को जल अर्पित किया। इसके बाद शाम में खरना





पूजा आरंभ की। सभी व्रतियों ने गुड़ और दूध की खीर बनाकर सूर्य देव को भोग अर्पित किया। इसके बाद प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास आरंभ किया। इससे पहले सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया, जो देर रात तक चला। इधर, रविवार को नगड़ी नारो बाजार लगने पर छठव्रतियों ने दिन भर फल फूल सूप सहित पूजा सामग्री सामग्री की जमकर खरीदारी की ।

### घटिया निर्माण के खिलाफ सड़क पर उतरे ग्रामीण



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हुंडरु फॉल रोड से जाराटोली तक कराए जा रहे पथ सुदृढ़ीकरण कार्य में हो रही घोर अनियमितता को देखते हुए ग्रामीणों ने श्रद्धा सरना समिति गेतलसूद के अध्यक्ष अजय उरांव के नेतृत्व में रविवार को सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही कार्य को बंद करा दिया। इस दौरान संवेदक और संबंधित कनीय अभियंता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि दो किमी तक बनने वाले इस सड़क के निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती जा रही है। कार्य में निर्धारित मापदंड और गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। जैसे तैसे घटिया कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने चेताया कि जबतक कार्य की उच्चस्तरीय जांच नहीं हो जाती है। तब तक कार्य बंद रहेगा। बताया कि मामले की जानकारी विधायक राजेश कच्छप सहित अन्य वरीय अधिकारियों को दे दी गई। इस मौके पर बीटू उरांव, मिंटू उरांव, जॉन तिर्की, सुनील उरांव, रवि किशोर उरांव, प्रेम उरांव, विजय उरांव, सूरज उरांव, मनु उरांव आदि मौजूद थे।

## पिठोरिया में खरना संपन्न, पहला अर्घ्य आज



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के दूसरे दिन रविवार को खरना पूजा किया गया। व्रती महिलाओं ने पूरे दिन का निर्जला उपवास रखा और शाम को सूर्यास्त के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इस दिन व्रती गुड़ की खीर, रोटी और फल का प्रसाद बनाया, जिसे भगवान सूर्य देव और छठी मइया को अर्पित किया। इसके बाद व्रती महिलाएं ने खुद प्रसाद ग्रहण करने के बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू किया।

### खरना की विधि और महत्व

**निर्जला उपवास:** खरना के दिन व्रती दिनभर बिना पानी पिये निर्जला उपवास रखती हैं। यह व्रत आत्मसंयम और आत्मशुद्धि का प्रतीक माना जाता है।

**प्रसाद की तैयारी :** शाम को व्रती मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से गुड़ की खीर और रोटी बनाती हैं। इस प्रसाद को पीतल या कांसे के बर्तनों में तैयार करना शुद्धता और पवित्रता को दर्शाता है। पूजा के बाद, व्रती सबसे पहले भगवान सूर्य और छठी मइया को प्रसाद चढ़ाती हैं, फिर खुद ग्रहण करती हैं। **मुख्य व्रत की शुरुआत:** खरना से ही छठ पूजा के मुख्य और कठिन व्रत की शुरूआत होती है, जो सप्तमी की शाम को सूर्यास्त के अर्घ्य के साथ समाप्त होता है।

## कुर्मी समाज के युवाओं को नयी दिशा देने की जरूरत : रामटहल

### संगठन का हुआ विस्तार, महासचिव सुनील महतो और अध्यक्ष बने रामनाथ महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** झारखंड कुरमी विकास परिषद के कार्यकारिणी समिति की बैठक रविवार को बुटी के आरटीसी बीएड कॉलेज में हुई। जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष रणधीर चौधरी ने की। इस दौरान सांगठनिक विस्तार करते हुए झारखंड कुरमी विकास परिषद के महासचिव के पद पर सुनील कुमार महतो, जबकि रांची जिला अध्यक्ष के लिए अनगड़ा निवासी रामनाथ महतो का चयन किया गया। इसके साथ ही 25 दिसंबर को होने वाले परिषद के वार्षिक सम्मेलन की तैयारी के लिए गांव-गांव जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। समाज के सर्वांगीण विकास के लिए आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक,



खेल को बढावा, समाज के नौजवानों को प्रशिक्षित एवं कुशल बनाकर लघु उद्योग, कुटीर उद्योग को बढ़ावा देन, कुप्रथा के विरोध में सामाजिक जन आंदोलन और जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर झारखंड कुर्मी विकास परिषद के मुख्य संरक्षक सह रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि समाज को शैक्षणिक, राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से मजबूत करना होगा। इसी उद्देश्य के साथ इस परिषद की स्थापना की गयी थी। हमारे समाज के नवयुवकों को इन सभी क्षेत्रों में मजबूत करना होगा। इन सभी कार्यों के लिए परिषद को आंदोलन के तौर पर लेना होगा। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नई दिशा की ओर ले जाने की जरूरत है, ताकि हमारा समाज एक समृद्ध समाज बन सके। इस मौके पर झारखंड कुरमी विकास परिषद के मुख्य संरक्षक सह संस्थापक संरक्षक डॉ रुद्र नारायण चौधरी, डॉ पारसनाथ महतो, मनरखन महतो, सुरेंद्रनाथ महतो, पार्वती देवी, बीना देवी रमभावती देवी, बालसई महतो, पनेश्वर महतो, संजय पटेल, संजय महतो, चंचल महतो, राम ओहदार, विष्णु महतो हिमांशु चौधरी, सुरेश प्रसाद, विशेश्वर चौधरी संजय महतो दिनेश महतो, जगत महतो, गुरुचरण महतो, अजय महतो, महेंद्र महतो, खिरोधर महतो, रामकिशोर महतो, भीम महतो आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन मीडिया प्रभारी भुवनेश्वर महतो ने किया।

### मनोज चौधरी ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। भाजपा के ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने रविवार को ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' का श्रवण किया। प्रधानमंत्री ने रविवार को आकाशवाणी के माध्यम से अपने 127वें एपिसोड में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचारों को साझा किया। इस दौरान उन्होंने जीएसटी बचत उत्सव का जिक्र करते हुए कहा कि इस बार स्वदेशी वस्तुओं की खरीद में काफी इजाफा हुआ है। जिससे पर्व-त्योहारों की रौनक पहले से कहीं अधिक बढ़ी हुई नजर आई। प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु और छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान की भी चर्चा की। बताया कि किस तरह बेंगलुरु में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाकर झीलों को नया जीवन दिया जा रहा है। वहीं, अंबिकापुर में शहर से प्लास्टिक कचरा साफ करने के लिए एक अनोखी पहल की गई है। जहां एक कैफे में प्लास्टिक कचरा लेकर जाने पर भरपेट भोजन कराया जाता है। मनोज चौधरी ने प्रधानमंत्री के हर घर स्वदेशी, हर दिल देशी अभियान को चिलदाग सहित आसपास के मोहल्लों में चलाया और स्वदेशी अपनाने के लिए जागरूक किया।

# यूनिफार्म खरीद के लिए 53 हजार से अधिक बच्चों के खातों में पहुंची राशि

## 24 हजार से अधिक बच्चों के विवरण पोर्टल पर किया गया अपलोड

- डीसी ने यूनिफार्म डीबीटी राशि प्राप्त बच्चों के अभिभावकों से विद्यालय यूनिफार्म क्रय करने और बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का किया अनुरोध
- सभी सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 के शेष बचे विद्यार्थियों के अभिभावकों से शीघ्र बैंक विवरण उपलब्ध कराने का अनुरोध



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** समग्र शिक्षा अंतर्गत गुमला जिले में कक्षा एक से 8 के बच्चों के लिए राज्य सरकार की ओर से निर्धारित यूनिफार्म डीबीटी योजना के तहत अब तक उल्लेखनीय प्रगति दर्ज करते हुए जिले के कुल 96,827 लाभार्थी विद्यार्थियों में से 53,438 बच्चों के बैंक खातों में सफलतापूर्वक यूनिफार्म की राशि ट्रांसफर कर दी गई है। शिक्षा विभाग के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा कक्षा एक से 5 के बच्चों के लिए 600 रुपये और कक्षा 6 से 8 के बच्चों के लिए 760 रुपये प्रति छात्र की दर से वार्षिक यूनिफार्म अनुदान राशि उपलब्ध करायी जाती है। जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने बताया कि प्रथम चरण में सफलतापूर्वक डीबीटी के बाद पुनः दूसरे चरण में 24,487 बच्चों के बैंक खातों का विवरण पीएफएमएस पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। राज्य स्तर से राशि स्वीकृति प्राप्त होते ही शीघ्र ही इन बच्चों के खातों में भी डीबीटी के माध्यम से राशि पहुंच जाएगी। वर्तमान में जिले में शेष बच रहे 18,902 बच्चों के बैंक विवरण प्राथमिकता के साथ स्कूलों से एकत्र कराए जा रहे हैं। अवकाश के बाद स्कूल खुलते ही अगले 10 दिनों में कक्षा 1-2 के लगभग 11 हजार और कक्षा 3-8 के लगभग 7,500 बच्चों के बैंक विवरण की प्राप्ति के लिए सभी प्रखंड को निर्देशित किया गया है। जिले के सिसई, घाघरा, बिशुनपुर आदि प्रखंड में अकाउंट विवरण कलेक्शन संबंधी ज्यादा कार्य बाकी है जबकि जारी, रायडीह, कामडारा में अच्छी प्रगति है। शिक्षा विभाग प्रयत्नशील है कि 15 नवंबर तक बैंक विवरण प्राप्त कर सभी योग्य बच्चों के लिए नियमानुसार यूनिफार्म की राशि भेजी जा सके। राज्य स्तरीय दिशा-निर्देशों के अनुसार कक्षा एक और दो के ऐसे छोटे बच्चे जिनके पास खुद या उनके माता-पिता के किसी प्रकार के बैंक खाते उपलब्ध नहीं हैं, उनके लिए विद्यालय प्रबंधन समिति के माध्यम से अपवाद स्वरूप यूनिफार्म क्रय कराया जा सकता है, जबकि कक्षा 3 से 8 के सभी विद्यार्थियों के लिए यूनिफार्म राशि डीबीटी के लिए बच्चे, माता या पिता का सक्रिय बैंक खाता, जनधन खाता या अन्य बचत खाता आवश्यक है। डीसी प्रेरणा दीक्षित ने जिले के सभी सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों के अभिभावकों से अपील की है कि जिन परिवारों ने अब तक अपने बच्चों के बैंक विवरण विद्यालय में जमा नहीं किए हैं, वे शीघ्र उपलब्ध कराएं, ताकि डीबीटी प्रक्रिया पूरी की जा सके। उन्होंने कहा कि छात्र, माता या पिता किसी का भी सक्रिय बैंक खाता स्वीकार्य है। डीसी ने यह भी अनुरोध किया कि सर्दियां आरंभ हो रही हैं। अतः जिन अभिभावकों के खातों में डीबीटी की राशि प्राप्त हो चुकी है, वे उक्त राशि से अपने बच्चों के लिए विद्यालय यूनिफार्म, स्वेटर, जूता मोजा आदि क्रय करें और बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा जिले के सभी बीईओ, बीपीओ, लेखापाल, बीआरपी और सीआरपी को विद्यालयवार शेष बच्चों के बैंक विवरण अद्यतन कराने और सिर्फ कक्षा एक एवं दो के ऐसे बच्चों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया है, जिनके स्वयं या अभिभावकों के कोई भी बैंक खाते उपलब्ध नहीं हैं। उनके द्वारा सभी सरकारी विद्यालय के प्रधान अध्यापक एवं सभी शिक्षकों को यह भी निर्देशित किया गया है कि वे स्कूल खुलते ही अभियान के रूप में कार्य करते हुए कक्षा 1 से 8 के विद्यार्थियों हेतु जिन परिवारों ने अब तक अपने बच्चों या अभिभावकों के बैंक विवरण विद्यालय में जमा नहीं किए हैं, उनसे संपर्क कर एक सप्ताह में खाता संख्या, आइएफएससी कोड, बैंक नाम एवं शाखा विवरण अपने बीआरसी में जमा करें, ताकि जिले के सरकारी विद्यालयों के कक्षा 1 से 8 के शत-प्रतिशत विद्यार्थियों को यूनिफार्म राशि से लाभान्वित किया जा सके।

# पुलिस के निर्देशों को गंभीरता से लें अभिभावक और स्कूल: एसपी

## कहा- पुलिस के निर्देशों का पालन होता, तो नहीं जाती विनय की जान

आजाद सिपाही संवाददाता






**गुमला।** संत अन्ना इंटर कॉलेज पुग्गू के 11वीं के छात्र विनय टाना भगत की मौत शनिवार को सड़क दुर्घटना में हो गयी। हादसे के बाद उसके गांव बघिमा टुकु टोली में अभी तक मातम है। मृतक की मां का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं, पिता इंदु टाना भगत भी हताश हैं। बतातें चलें कि छात्र की मौत बाइक के सुरक्षा रेलिंग में टकराने के बाद गिरने से हुई थी। लोगों की मानें तो 16 वर्षीय छात्र तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए स्कूल जा रहा था। उस समय बाइक पर तीन छात्र (सभी नाबालिक) सवार थे। विनय के साथ पीछे बैठा सोनू करकेट्टा को भी चोटे आईं है। इसे लेकर एसपी हरीश बिन जमा ने कहा कि पुलिस प्रशासन के लगातार जागरूकता शिविर लगाने के बावजूद कुछ विद्यालय के प्रचार्य इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। थोड़ी सी लापरवाही का नतीजा विनय टाना भगत की मौत के रूप में सीख लेनी जैसी है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पुलिस सख्त रवैया अपनाएगी। आज जिन विद्यालयों के नाबालिक छात्रों द्वारा बाइक परिचालन की बात सामने आयेगी उक्त विद्यालय के विरुद्ध कार्रवाई भी की जा सकती है।

**दूसरे के नाम पर है दुर्घटनाग्रस्त बाइक :** मृतक के बड़े भाई बिमल टाना भगत ने बताया कि उक्त बाइक उन्होंने सिसई के किसी शोरूम से सेकंड हैंड खरीदी थी। बाइक खरीदे हुए छह महीना गुजर जाने के बावजूद अभी तक नाम परिवर्तन नहीं कराया गया था। फिलहाल यह बाइक अनिल उरांव के नाम से पंजीकृत है।

### स्कूल में बाइक लाने की नहीं है इजाजत : प्राचार्य

इस संबंध में संत अन्ना विद्यालय की प्राचार्य ललिता टोप्पो ने बताया कि नाबालिग बच्चों के बाइक न चलाने की हिदायत विद्यालय प्रबंधन लगातार दे रहा है। इससे संबंधित जागरूकता शिविर स्कूलों में लगातार लगाए जा रहे है। इस संबंध में हाल के दिनों में दो बार अभिभावकों की बैठक गई है। कहा कि उनके विद्यालय परिसर में बाइक लगाने की अनुमति केवल शिक्षकों को है। उन्होंने लाचारी जाहिर करते हुए कहा कि अगर कोई छात्र विद्यालय परिसर से 100, 200, 500 मीटर की दूरी पर बाइक खड़ी कर पैदल स्कूल आता है तो वहां तक की निगरानी करना संभव नहीं है। इसके लिए अभिभावकों को ही यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि वह उन्हें बाइक नहीं दें।



# प्रतियोगिता में शामिल होकर तेज बनें: ब्यातुष



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** नवाडीह भिखारिएट के तत्वाधान में चर्च परिसर में आयोजित तीन दिवसीय क्रूसवीर रैली रविवार को क्रूसवीर झंडा उतराने के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल फादर ब्यातुष किंडो ने कहा कि आपलोग क्रूस के वीर हो। प्रतियोगिता में हीरो जैसा भाग लिया और अपना-अपना बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में शामिल होकर तेज बनें और इसका भरपूर आनंद ले। मजा लेना चाहते हैं तो जीत का मजा लें। अंतिम दिन बालक-बालिका फुटबॉल फाइनल मैच हुआ जिसमें बालक वर्ग के फाइनल में आरसी बालक मध्य विद्यालय नवाडीह ने मध्य विद्यालय रजावल को 1-0 गोल से हरा कर विजेता बनी। वहीं, बालिका वर्ग के फाइनल में आरसी बालिका मध्य विद्यालय रजावल 3-0 गोल से पराजित कर विजेता बनीं। इसके पूर्व रात में झांकी प्रदर्शन, बच्चों द्वारा बाइबिल की घटनाओं को मंचित, धार्मिक विषय पर क्विज प्रतियोगिता हुई। शाम को विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने पारंपरिक परिधान में प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद फुटबॉल विजेताओं, भाषण, क्विज और सांस्कृतिक प्रतियोगिता में अव्वल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर फादर पिंगल कुजूर, फादर अलोइस और फादर देवनिश तिर्की सहित 25 शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# सिसई के असरो गांव में विवाद, दो पक्षों के बीच मारपीट

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिसई थाना क्षेत्र के असरो गांव में रविवार को दो पक्षो के बीच आपसी विवाद में जमकर मारपीट हो गयी। मामला सुलझाने गयी पुलिस टीम पर भी एक पक्ष ने हमला कर दिया। जिसमें पुलिस चालक को हलकी चोट लगी है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। बताया जा रहा कि असरो गांव निवासी दयानंद गोप के धान के खेत में बकरी घुस गई थी। जिसे भगाने के लिए दयानंद का बेटा गया था। तभी पहुंचकर गाली गलौज करने लगा। तभी वहां दयानंद पहुंचा और दोनों के बीच विवाद होने लगा। देवानंद दर्जनों महिला पुरुष के साथ लाठी डंडे और टांगी लेकर दयानंद पर हमला कर दिया। यह देख देवानंद अपने घर में घुस गया। उसने घटना की जानकारी सिसई पुलिस को दी। खबर पाते ही सिसई पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर मौके पर मौजूद लोग और उग्र हो गए और पुलिस की गाड़ी के ऊपर पथराव कर दिया।



दूसरे पक्ष के देवानंद यादव मौके पर

# किराना दुकान में चोरी, नगदी सहित हजारों का सामान चोरी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पुग्गु स्थित ढोंठाटोली में शनिवार की रात चोरों ने राज स्टोर नामक किराना दुकान का ताला तोड़कर वहां से नकद के साथ ही 45 हजार रुपये के सामान की चोरी कर ली। रविवार की सुबह जब दुकान संचालिका पूनम देवी दुकान खोलने पहुंचीं, तो शटर का ताला टूटा और अंदर रखा सामान बिखरा दिखा। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। जानकारी के अनुसार, चोरों ने दुकान से लगभग दो हजार रुपये नकद, सरसों तेल के पैकेट, बिस्कुट, चॉकलेट सहित अन्य खाने-पीने की वस्तुएं चोरी कर लीं। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों की मानें तो रात में कोई चौकीदार नहीं होने के कारण ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं।

# कुत्ते ने वृद्ध महिला को काटा, अस्पताल में भर्ती



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के देवाकी भूखा टोली गांव में एक आवारा कुत्ते ने वृद्ध महिला को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसकी पहचान सुकरो देवी के रूप में हुई है। घायल महिला को 108 एंबुलेंस की मदद से परिजन घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। जहां चिकित्सक द्वारा उपचार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सुकरो देवी अपनी मवेशी को घर के पास पानी देने जा रही थी। तभी एक कुत्ते ने उसपर हमला कर दिया और हाथ की उंगली को काट लिया। यह देख आसपास के ग्रामीणों ने कुत्ते को भगाया।

# छठ पूजा को लेकर की गयी भट्टी तालाब की साफ-सफाई



**गुमला (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद अंतर्गत दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तत्वावधान में गुमला शहरी क्षेत्र अंतर्गत सभी एरिया लेवल फेडरेशन की महिलाओं की ओर से रविवार को सिसई रोड स्थित भट्टी तालाब की सफाई की गई। उक्त सफाई अभियान नगर मिशन प्रबंधक के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसमें एएलएफ की कई महिलाएं उपस्थित थी। साथ ही डे एनयूएलएम टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# दारी जतरा 10 नवंबर को, शराब बिक्री पर प्रतिबंध की मांग


**सिसई। (आजाद सिपाही)।** ऐतिहासिक दारी जतरा 10 नवंबर को आयोजित होगा। इस ऐतिहासिक दारी जतरा के आयोजन के लिए रविवार को तिसरी बैठक 12 पड़हा के समस्त पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुई। इस ऐतिहासिक जतरा में निर्णय लिया गया कि 12 पड़हा दारी जतरा में पड़हा क्षेत्र में शराब बिक्री पर पूर्ण रूप से बंद करने की बात कही गई। जतरा समितियों ने यह भी कहा कि जतरा स्थल के इर्दगिर्द कुर्गी, लालपुर, गम्हरिया, दारी, कोचा घाघरा, कापो टोली, शिवनाथपुर डहु टोली में, शराब बिक्री करने पर पकड़े जाते हैं तो उन्हें सिधे कानून के हवाले करने का शक्त निर्देश लिया गया है।

# युवाओं के श्रमदान से बने खेल मैदान पोटरो का हुआ भूमि पूजन-उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** चंदा इक्कठा कर पोटरो गांव के ग्रामीण युवाओं एवं क्षेत्र के राष्ट्रीय खिलाड़ियों द्वारा श्रमदान कर परास नदी छठ घाट एवं मुक्ति धाम के समीप खेल मैदान का निर्माण किया गया था। जिसका रविवार को छठ महापर्व के अवसर पर सेवानिवृत प्रधानाध्यापक पीताम्बर झा, जिप सदस्य उतरी विजयलक्ष्मी कुमारी, पंसस जाकिर अली, सदर अंजुमन सलमान अली, बीस सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष सह नगर पंचायत मुखिया रवि उरांव, आरएसएस के गुमला विभाग संघ चालक साहु प्रकाश लाल, लकेया की मुखिया सुगिया देवी, पूर्व सैनिक सहाबीर उरांव, प्रमोद उरांव आदि ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस मौके पर सुखदेव पहान, तेली समाज के जिला युवा अध्यक्ष कौशल साहू, समाजसेवी मुकेश ताम्रकर, बलदेव साहू, बाबूलाल सिंह, पंकज साहू, रोहित शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव डेविड, मनीष बाबू, छोटेलाल ताम्रकर, सतेंद्र साहू आदि भी मौजूद रहे। पाहान पुजार गोपाल उरांव एवं मुख्य यजमान रामविलास साहु ने विधिवत पूजा अर्चना की। इस अवसर पर पीतांबर झा ने कहा कि युवाओं ने चंदा इक्कठा कर एवं श्रमदान कर खेल मैदान का निर्माण किया, जो सराहनीय कदम है। उनके इस तरह की पहल से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को प्रतिदिन अभ्यास करने के लिए मैदान के रूप में एक बेहतर स्थान मिला है जिससे वे अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर अपनी पहचान बना सकेंगे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों और युवाओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं, जिप सदस्य उत्तरी विजयलक्ष्मी कुमारी ने कहा कि वर्तमान समय में सिसई क्षेत्र में खेल मैदान का अभाव हो गया है जिस कारण हमारे युवाओं को अभ्यास करने में काफी परेशानी होती है। वे चाहकर भी अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित नहीं कर पा रहे हैं, जबकि हमारा गुमला-सिसई क्षेत्र खिलाड़ियों का हब है। यहां से कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों की प्रतिस्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन कर चुके हैं। मुझे बहुत खुशी है कि हमारे ग्रामीण युवा एक सराहनीय कदम बढ़ाते हुए समाज के लिए अपनी मेहनत से बेहतर काम किए है। उन्होंने पोटरो ग्राम के युवाओं और खिलाड़ियों से वादा किया कि जिला प्रशासन से मिलकर खेल की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग करेंगी। उधर, डुमरला गुमला टीम और सिसई टीम के बीच कबड्डी का प्रतिस्पर्धा आयोजित हुआ, जिसमें डुमरला गुमला की टीम विजई रही। मुख्य अतिथियों ने विजेता और उप विजेता टीम को विभाग संघ चालक गुमला साहू प्रकाश लाल के सौजन्य से प्राप्त मोमेंटो देकर सम्मानित किया। वहीं स्थानीय पत्रकार कृष्ण कुमार साहू ने भी खिलाड़ियों को जर्सी सेट एवं खेल सामग्री सौंपा। ग्रामीण युवकों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मैदान में प्रतिदिन खेलों का अभ्यास, योग गुरु गजराज महतो के सानिध्य में योगाभ्यास एवं राज्य पुलिस, आर्मी सहित विभिन्न डिफेंस की तैयारी कराई जाएगी जिससे क्षेत्र के युवाओं को काफी लाभ मिलेगा और साथ ही रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। इस मौके पर पोटरो गांव के संदीप साहू, चतुर्गुण साहू, अजीत साहू, ओमप्रकाश साहू, लक्ष्मी साहू, शिवपूजन साहू, देवेन्द्र साहू, कुंदन साहू, सत्यम साहू, महावीर साहू और रामविलास साहू आदि उपस्थित रहे।







## रोटी बैंक यूथ क्लब ने छठ व्रतियों के बीच साड़ी और फल का किया वितरण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आस्था और श्रद्धा के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर रोटी बैंक यूथ क्लब, धनबाद द्वारा इस वर्ष भी सेवा और समर्पण का कार्य करते हुए भूली खेरकबाद बस्ती में व्रतियों के बीच साड़ी एवं फलों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में भक्ति और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की सफलता में विवेक बर्नवाल का विशेष योगदान रहा। उनके सहयोग से इस सामाजिक पहल को बड़े स्तर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रोटी बैंक यूथ क्लब के सक्रिय सदस्य नीलकमल खवास, अनिमेश सिंह, धीरज, राहुल सहित कई कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इसके साथ ही आयुष फाउंडेशन के अध्यक्ष गणेश शर्मा तथा सहदेवा फाउंडेशन के सदस्य आशीष चौहान और उपेंद्र चौहान की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी प्रेरणादायक बना दिया। रोटी बैंक यूथ क्लब ने घोषणा की है कि इस वर्ष पहले अर्घ्य के दिन विभिन्न घाटों पर 1100 नारियल व्रतियों के बीच वितरित किये जायेंगे, ताकि सभी श्रद्धालु माता छठी मइया की पूजा में पूर्ण भाव से सहभागी हो सकें। संस्था के अध्यक्ष रवि शेखर का कहना है कि हर वर्ष छठ पर्व पर साड़ी, फल और पूजा सामग्री वितरित कर वे इस पावन पर्व के प्रति अपनी भक्ति और सेवा भावना व्यक्त करते हैं। यह परंपरा आने वाले वर्षों में और भी विस्तार के साथ जारी रहेगी।

## तोपचांची के प्रथम मुखिया की पुण्यतिथि मनायी



**तोपचांची (आजाद सिपाही)।** तोपचांची प्रखंड अंतर्गत दुमदुमी पंचायत के नरकोपी गांव में स्वर्गीय पूर्व मुखिया रघुनाथ महतो की 9वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। स्वर्गीय रघुनाथ महतो तोपचांची के प्रथम मुखिया निर्विरोध चुने गये थे। वे 1942 ईस्वी में मैट्रिक पास किये थे। वे लेखक व सामाजिक क्रांति के जननायक थे। वे बड़े सरल स्वभाव के थे। उनका झारखंड आंदोलन में अहम भूमिका रही थी। मुख्य रूप से हलधर महतो, संतोष महतो, जगदीश चौधरी, सदानंद महतो, राहुल महतो मौजूद थे। सर्वप्रथम उनके स्टैचू पर माल्यार्पण करते हुए 2 मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। हलधर महतो ने कहा कि महतो को पांच भाषा के अनुवादक व 14 भाषा को बोल और समझ सकते थे। इस अवसर पर सदानंद महतो ने कहा कि वे महान क्रांतिकारी नेता, लेखक व समाज सुधारक की भूमिका में पूरा जीवन निछावर किये। संतोष महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलन में उनका योगदान को बुलाया नहीं जा सकता है। उनके दिखाएं मार्ग पर चलने की जरूरत है। वही राहुल महतो ने कहा कि स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो के परम मित्र थे। हाई स्कूल धनबाद से प्राथमिक शिक्षा ग्रहण किये थे। इस अवसर पर प्रमोद महतो,महेंद्र महतो, दयानंद प्रमाणिक, अनंतलाल महतो, बबलू महतो,कुलदीप प्रमाणिक, सरजू प्रसाद महतो, देवाानंद महतो, तिलकचंद महतो, दुर्योधन महतो,दीपक प्रमाणिक, गिरिधारी महतो दिनेश महतो,टेकलाल महतो,छेदी महतो,सुनीता कुमारी, गीता देवी आदि ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

## गिरिडीह एसपी ने छठ घाटों का लिया जायजा



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह एसपी डॉ विमल कुमार ने शहरी क्षेत्र के छठ घाटों का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अरघा घाट, शास्त्रीनगर छठ घाट, शिवशक्ति छठ घाट समेत शहर के कई प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया। एसपी ने घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और यातायात प्रबंधन की स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। एसपी डॉ विमल कुमार ने मकतपुर छठ पूजा समिति के पदाधिकारीगण को छठ पूजा के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि छठ पूजा में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस हमेशा हर जगह मुस्तैद और तत्पर रहेगी ताकि किसी को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इस मौके पर डीएसपी वन नीरज कुमार सिंह, नगर थाना प्रभारी ज्ञान रंजन मौजूद थे।

## सिंदरी /झरिया गुरुद्वारा गुरु नानक सिंह सभा सिंदरी से निकली प्रभात फेरी




**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में मंगलवार को गुरुद्वारा गुरु नानक सिंह सभा सिंदरी से एक भव्य प्रभात फेरी निकाली गयी। बड़ी संख्या में संगत (श्रद्धालुओं) ने भक्ति भाव से इस धार्मिक आयोजन में हिस्सा लिया। प्रभात फेरी का शुभारंभ गुरुद्वारा साहिब से हुआ। गुरु की महिमा का गुणगान करते हुए और 'शबद कीर्तन' करते हुए यह प्रभात फेरी सहरपुरा मार्केट का भ्रमण किया। इस दौरान वातावरण भक्तिमय हो गया। सहरपुरा मार्केट का भ्रमण करने के बाद, प्रभात फेरी कीर्तन करते हुए गुरुद्वारा के सुरेंद्र पाल और जसपाल कौर के निवास स्थान पर पहुंची। वहां भी शब्द कीर्तन का आयोजन हुआ। कीर्तन के समापन के पश्चात सभी उपस्थित संगत ने गुरु का प्रसाद (प्रसाद) ग्रहण किया। इस धार्मिक आयोजन में प्रधान (जसप्रीत सिंह रैनो), हरिंदर सिंह, मोहन सिंह, गुरचरण सिंह, लखजीत सिंह, जगजीत सिंह, बलवीर सिंह नागी, मनजीत सिंह उप्पल, जगदीश्वर सिंह, हरपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रेम सिंह, सतविंदर सिंह, और गुलशन सिंह, स्मृति नागि, हरभजन कौर, देवेंद्र कौर, रूपा कौर, रीत कौर, पिंकी कौर, निशा कौर, सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे। समस्त संगत ने गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को याद करते हुए आपसी एकता और प्रेम का संदेश दिया।

## व्रती आज देंगे अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** शनिवार को नहाए- खाय के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का शुभारंभ हो चुका है। व्रत को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह चरम पर है। पर्व के आगमन के साथ ही शहर के बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है। रविवार को व्रतियों ने पूरे श्रद्धा व नेम के साथ खरना पूजन किया। सोमवार को व्रती अस्तांचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देंगे। इसे देखते हुए रविवार सुबह सवेरे से ही फल और पूजा सामग्री की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि इस बार कीमतों में उछाल के वाबजूद भी लोगों ने आवश्यक पूजन सामग्री एवं फलों की जमकर खरीदारी की।

# विधायक शत्रुघ्न महतो ने हाथुडीह में पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** बाघमारा प्रखंड के हाथुडीह पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए रविवार को पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो और विशिष्ट अतिथि जिला सांसद प्रतिनिधि सुभाष राय रहे। यह सड़क डीएमएफटी योजना के तहत हाथुडीह सरकारी विद्यालय से ठाकुर बांध होते हुए महुदा रेलवे स्टेशन तक बनायी जायेगी। विधायक ने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

**विवाद के बीच विधायक ने संभाला माहौल :** कार्यक्रम के दौरान कुछ ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ वितरण में अनियमितता का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना था कि जरूरतमंदों की जगह संपन्न परिवारों और सरकारी कर्मचारियों को आवास का लाभ दिया गया है। इस मुद्दे पर थोड़ी देर के लिए कार्यक्रम स्थल पर वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गयी, जिसे मौके पर मौजूद ग्रामीणों और स्वयं विधायक शत्रुधन महतो ने हस्तक्षेप कर शांत करवाया।

**मुखिया की भूमिका चयन प्रक्रिया में नहीं होती :** इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मुखिया सह वर्तमान मुखिया के पति ने कहा कि सरकारी आवास योजना के चयन, नाम जोड़ने या काटने की प्रक्रिया में मुखिया की कोई भूमिका नहीं होती। यदि किसी को आपत्ति है तो वे प्रखंड कार्यालय जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**शिलापट से नाम और जानकारी गायब रहने पर नाराजगी :** इस बीच, पूर्व सांसद प्रतिनिधि परमेन्दर सिंह ने शिलापट में जीप अध्यक्ष शारदा सिंह का नाम, योजना की स्वीकृत राशि एवं सड़क की दूरी का उल्लेख नहीं होने पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिलान्यास पट्ट में सभी आवश्यक जानकारियां अंकित होना पारदर्शिता के लिए जरूरी है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। लोगों ने सड़क निर्माण को क्षेत्र के लिए विकास की नयी शुरूआत बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क बन जाने से आवागमन में सुविधा होगी और महुदा क्षेत्र का समग्र विकास तेजी से आगे बढ़ेगा।

### समस्या के समाधान के लिए सदैव तत्पर : शत्रुधन महतो

हाथुडीह पंचायतवासियों ने मुझ पर जो विश्वास जताकर प्रचंड जीत दिलायी, उसके लिए मैं आभारी हूं। क्षेत्र की हर समस्या के समाधान हेतु सदैव तत्पर रहूँगा। यह सड़क पंचायत की लाइफलाइन सिद्ध होगी, जिससे फुट ओवरब्रिज से जुड़ाव बनेगा और आसपास के गांवों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

## नाली का गंदा पानी बहने से स्थानीय लोगों में आक्रोश, रोकी ट्रांसपोर्टिंग



आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** लोक आस्था के महापर्व छठ को देखते हुए क्षेत्र में चारों ओर साफ सफाई का दौर चल रहा है ताकि छठ व्रतियों एवं अन्य श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। वहीं दूसरी ओर निरसा प्रखंड अंतर्गत मड़मा पंचायत के आमडंगाल बस्ती समीप बीच सड़क पर नाली का गंदा पानी बहने से स्थानीय ग्रामीण में काफी आक्रोश है। ग्रामीण एवं स्थानीय लोगों का कहना है कि पास ही इसीएल मुगमा एरिया की श्यामपुर बी कोलियारी है जहां से कोयले की ट्रांसपोर्टिंग की जाती है। बावजूद उसके ना ही इसीएल प्रबंधन का इस ओर कोई ध्यान है और ना ही किसी भी जनप्रतिनिधि का इस ओर कोई ध्यान है। इसी कारण आक्रोशित स्थानीय लोगों ने आमडंगाल बस्ती समीप श्यामपुर बी कॉलियरी से हो रही ट्रांसपोर्टिंग रोक दी और श्यामपुर बी कॉलियरी से कोयला लेकर जा रहे हैं। वाहनों को सड़क किनारे खड़ा करवा दिया स्थानीय लोगों की मांग थी कि जब तक इस समस्या का समाधान नहीं होता है तब तक ट्रांसपोर्टिंग ठप रहेगी।

## विधायक राज सिन्हा ने व्रतियों के बीच साड़ी का किया वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा के सचेतक एवं धनबाद विधायक राज सिन्हा ने चौथे दिन लोक आस्था के महापर्व छठ के उपलक्ष्य में धनबाद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में छठ व्रती माता-बहनों के बीच साड़ी का वितरण किया। विधायक श्री सिन्हा ने रेलवे कॉलोनी मटकुरिया, विकास नगर मटकुरिया, भूली ए ब्लॉक शिव मंदिर के प्रांगण में, भागाबांध दुर्गा मंदिर के प्रांगण में, पांडरकनाली कोक प्लांट, इबी एरिया केंदुआ, मनइटांड़ गांधी रोड आदी क्षेत्रों में छठ व्रती माता बहनों के बीच साड़ी का वितरण किया। विधायक श्री सिन्हा ने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था, श्रद्धा और स्वच्छता का प्रतीक है, जो समाज में सामूहिकता, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। इस अवसर पर उन्होंने बरारी कोक प्लांट दुर्गा मंदिर परिसर में अपने विधायक निधि से निर्मित शेड का विधिवत उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि यह शेड छठ व्रतियों एवं आम श्रद्धालुओं को बरसात और धूप से राहत देने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने विधायक राज सिन्हा का स्वागत किया और उनके जनसेवी कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।

## छठ पर्व में किन्नर समाज की आस्था और परंपरा का संगम



**झरिया (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के दूसरे दिन खरना के अवसर पर धनबाद किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य स्वेता किन्नर ने आज श्रद्धा और भक्ति के साथ खरना का प्रसाद तैयार किया। उनके साथ समस्तीपुर से आई विभा किन्नर भी मौजूद रहीं। दोनों ने जामाडोबा स्थित अखिल भारतीय किन्नर समाज के प्रदेश अध्यक्ष छम-छम देवी के आवास पर छठ पूजा का आयोजन किया। छम-छम देवी और स्वेता किन्नर ने बताया कि वे वर्षों से छठ का व्रत करती आ रही हैं, ताकि पूरे भारतवर्ष के साथ-साथ कोयलांचल क्षेत्र में सुख, समृद्धि और शांति बनी रहे। उन्होंने कहा कि छठ मैया से यही प्रार्थना है कि सभी माताओं-बहनों की गोद भरी रहे और हर घर में खुशहाली आए।

## माटी के चूल्हा पर आम के लकड़िया जराइके बनायी सखी खरना के खिरिया..... पीतल के बर्तन में दूध अउर गुड़ चाऊरिया







दीपक कुमार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चार दिवसीय छठ महापर्व के दूसरे दिन खरना पूजन के अवसर पर छठ के पारंपरिक भोजपुरी लोक गीतों जैसे माटी के चूल्हा पर आम के लकड़िया जराईके बनाई सखी खरना के खिरिया..... पीतल के बर्तन में दूध अउर गुड़ चाऊरिया आदि से नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। व्रतियों ने छठ के विभिन्न लोक गीतों गाकर महा प्रसाद बनाया। छठ व्रतियों ने तरह-तरह के पकवान बनाये जिसे सूर्य देव और छठी मैया को प्रसाद चढ़ाया जाता है। इसी क्रम मे खीर और घी लगा कर रोटी को खरना प्रसाद के रूप मे व्रतिया ग्रहण करती है और उसी प्रसाद को बाकी अन्य लोग भी प्रसाद के रूप मे ग्रहण करते है। कार्तिक शुक्ल पंचमी के मौके पर रविवार को रवि योग एवं स्वार्थ सिद्धि योग में खरना (लोहंडा) में व्रतियों ने पूरे दिन उपवास रखकर शाम को विधिवत पूजा करके खरना का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही, 36 घंटे का निर्जला उपवास का संकल्प लिया। व्रतियों ने मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से खीर और रोटी बनायी और पूजन कर प्रसाद स्वरूप उसे ग्रहण किया। यह प्रसाद व्रतियों के लिए चार दिवसीय छठ महापर्व के दौरान एक प्रकार का अंतिम सात्विक भोजन है। जो उन्हें 36 घंटे उपवास के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से तैयार करता है। इस दौरान महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में परिचित व्रतियों के घर पहुंचे। शास्त्रों के अनुसार, छठ व्रती खरना के दिन बंद कमरे में खरना करती हैं। ऐसी मान्यता है कि खरना के दौरान छठ का व्रत करने वाली महिलाओं को किसी भी तरह की कोई आवाज सुनाई नहीं देना चाहिए।

## तिरंगा पार्क छठ घाट का डीसी ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** छठ महापर्व को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा ने रविवार को तिरंगा पार्क छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाट की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध तथा जन सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। डीसी ने संबंधित पार्क संचालक/पूजा समितियों को निर्देश दिया कि छठ व्रतियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा घाट पर स्वच्छता एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। हालांकि, उन्होंने अब तक की गई तैयारियों पर संतोष जताया।

डीसी ने कहा कि छठ महापर्व आस्था और अनुशासन का प्रतीक है। सभी लोग नेम - नेष्ठा और श्रद्धा के साथ इस पर्व को मनाएं। प्रशासन आपके सहयोग के लिए पूरी तरह तत्पर है। आपकी भक्ति और श्रद्धा में प्रशासन की भी आस्था है। उन्होंने छठ व्रतियों - श्रद्धालुओं से अति उत्साह में गहरे पानी में नहीं जाने की अपील की तथा बताया कि सुरक्षा हेतु सभी घाटों पर चेतावनी बोर्ड एवं साइनेज लगाए गए हैं, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक बोकारो, बिरंची नारायण भी उपस्थित थे ।

## डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में छठ उत्सव का आयोजन


आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया/ सिंदरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी धनबाद में महापर्व छठ के पावन अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी सजावट, दीपों की रोशनी और विद्यार्थियों के उत्साह से जगमगा उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत एवं नृत्य से हुआ, जिसमें कक्षा 1 अ एवं 1 ब के नन्हे विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद कक्षा 2अ एवं 2 ब के विद्यार्थियों ने ह्लगोकुल धाम की दीवानीह्व नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को कृष्ण-भक्ति में डूबो दिया। इसके पश्चात उर्मी सोरेन, प्रणव और ऋषिता ने छठ पर्व पर प्रेरणादायी भाषण प्रस्तुत किया। एल के जी और यू केजी के बच्चों ने राम आयेंगे कार्यक्रम के माध्यम से भगवान राम के आगमन का हर्षोल्लास से चित्रण किया।

छठ पर्व की श्रृंखला में कक्षा 2 अ एवं 2 ब ने छठ विशेष नृत्य प्रस्तुत कर पूरे माहौल को भक्ति से भर दिया। इसके बाद छठ समूह गीत एवं छठ समूह नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत समूह गीत ने कार्यक्रम को समापन की ओर अग्रसर किया। कार्यक्रम का संचालन उर्मिला यादव ने किया। गीतों की तैयारी संगीत शिक्षक शुभम कुमार के निर्देशन में हुई, जबकि पूरे आयोजन में श्री मुकेश तिवारी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा रंगोली, क्ले मॉडलिंग, दीया स्टैंड निर्माण एवं बोर्ड सजावट प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गयी, जिनमें छात्रों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी को त्यौहारों की पवित्र भावना के साथ समाज में प्रेम, एकता और सहयोग का संदेश फैलाने के लिए संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।






आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**